दैनिक
# बढ़ता राजस्थान
संस्करण : जयपुर, टोंक, अलवर, कोटा, उदयपुर एवं जोधपुर
RNI NO. RAJHIN/2013/52026
कदम बढ़ाएं, सच के साथ
वर्ष : 13 | अंक : 47 | पृष्ठ : 08 | मूल्य : ₹ 2.00
टोंक । रविवार, 21 सितंबर 2025 । आश्विन, कृष्ण पक्ष अमावस्या संवत् - 2082
भारत व राज्य सरकार से विज्ञापनों के लिए स्वीकृत
www.badhatarajasthan.in badhatarajasthan@yahoo.com badhatarajasthan.dainik badtarajasthan

## राहुल बोले- भारतीय पीएम कमजोर:खड़गे ने कहा- मोदी-मोदी का नारा लगवाना विदेश नीति नहीं; इससे हर भारतीय दुखी

# अमेरिकी H-1B वीजा फीस बढ़ी

बढ़ता राजस्थान

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** अमेरिका की तरफ से H-1B वीजा के लिए एप्लिकेशन फीस बढ़ाने पर राहुल गांधी ने पीएम मोदी पर निशाना साधा। राहुल ने शनिवार को सोशल मीडिया X पर लिखा कि भारत के पास कमजोर प्रधानमंत्री है।

राहुल ने 2017 का पोस्ट फिर से शेयर किया, उस वक्त भी उन्होंने मोदी पर आरोप लगाया था कि पीएम ने H-1B वीजा पर अमेरिका से बात नहीं की थी। वहीं कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने लिखा कि मोदी ने बर्थडे पर जो रिटर्न गिफ्ट दिया है उससे हर भारतीय दुखी है। राष्ट्रीय हित सबसे पहले है। गले मिलना और लोगों से मोदी-मोदी के नारे लगवाना विदेश




नीति नहीं है। दरअसल, अमेरिका अब H-1B वीजा के लिए एक लाख डॉलर (करीब 88 लाख रुपए) एप्लिकेशन फीस वसूलेगा। राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने शनिवार को व्हाइट हाउस में इस ऑर्डर पर साइन किए। अब तक H-1B वीजा की एप्लिकेशन फीस 1 से 6 लाख रुपए तक थी।

### अब जानिए क्या है H-1B वीजा

H-1B वीजा एक एक नॉन-इमिग्रेंट वीजा है। यह वीजा लॉटरी के जरिए दिए जाते रहे हैं क्योंकि हर साल कई सारे लोग इसके लिए आवेदन करते हैं। यह वीजा स्पेशल टेक्निकल स्किल जैसे IT, आर्किटेक्चर और हेल्थ जैसे प्रोफेशन वाले लोगों के लिए जारी होता है। इसकी समय सीमा 3 साल के लिए होती है, लेकिन जरूरत पड़ने पर 3 साल बढ़ाया जा सकता है। रिन्यू करवाने पर फीस (6 लाख तक) के बराबर ही शुल्क ही देना होता था। अब नियमों में बदलाव के बाद हर साल 88 लाख रुपए लगेंगे।

### हर साल 85 हजार H-1B वीजा जारी होते हैं

अमेरिकी सरकार हर साल 85,000 एच-1बी वीजा जारी करती है, जिनका इस्तेमाल ज्यादातर तकनीकी नौकरियों में होता है। इस साल के लिए आवेदन पहले ही पूरे हो चुके हैं। आंकड़ों के अनुसार, केवल अमेजन को ही इस साल 10,000 से ज्यादा वीजा मिले हैं, जबकि माइक्रोसॉफ्ट और मेटा जैसी कंपनियों को 5,000 से अधिक वीजा स्वीकृत हुए हैं। सरकारी आंकड़े बताते हैं कि पिछले साल H-1B वीजा का सबसे ज्यादा फायदा भारत को मिला। हालांकि इस वीजा कार्यक्रम की आलोचना भी होती है। कई अमेरिकी तकनीकी कर्मचारियों का कहना है कि कंपनियां H-1B वीजा का इस्तेमाल वेतन घटाने और अमेरिकी कर्मचारियों की नौकरियां छीनने के लिए करती हैं।

### H-1B वीजा में बदलाव से भारतीयों पर असर

H-1B के नियमों में बदलाव से 2,00,000 से ज्यादा भारतीय प्रभावित होंगे। साल 2023 में H-1B वीजा लेने वालों में 1,91,000 लोग भारतीय थे। ये आंकड़ा 2024 में बढ़कर 2,07,000 हो गई। भारत की आईटी/टेक कंपनियां हर साल हजारों कर्मचारियों को H-1B पर अमेरिका भेजती हैं। हालांकि, अब इतनी ऊंची फीस पर लोगों को अमेरिका भेजना कंपनियों के लिए कम फायदेमंद होगा। 71% भारतीय H-1B वीजा धारक हैं और यह नई फीस उनके लिए बड़ा आर्थिक बोझ बन सकती है। खासकर मिड-लेवल और एंट्री-लेवल कर्मचारियों को वीजा मिलना मुश्किल होगा। कंपनियां नौकरियां आउटसोर्स कर सकती हैं, जिससे अमेरिका में भारतीय पेशेवरों के अवसर कम होंगे।




## मोदी ने वोट चुराकर सत्ता हासिल की: राहुल गांधी

बढ़ता राजस्थान

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** हमारे पास पुख्ता सबूत, जल्द हाइड्रोजन बम फोड़ेंगे; चुनाव आयुक्त वोट चोरों को बचा रहे कांग्रेस सांसद और लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी ने शनिवार को कहा कि उनके पास वोट चोरी के ऐसे सबूत हैं, जिन्हें वे जल्द ही सबके सामने लाएंगे। उसके बाद किसी को भी शक नहीं रहेगा कि मोदी ने वोट चोरी कर सत्ता हासिल की है। उन्होंने कहा कि पिछली प्रेस कॉन्फ्रेंस में भी कांग्रेस ने वोटर लिस्ट में धांधली के उदाहरण दिए थे। महादेवपुरा और आलंद में गलत तरीके से वोट जोड़ने और काटने की घटनाएं दिखाई थीं। कांग्रेस सांसद ने कहा- मुख्य चुनाव आयुक्त (CEC) ज्ञानेश कुमार वोट चोरों को बचा रहे हैं। आलंद विधानसभा क्षेत्र में 6000 वोटरों के नाम काटने की कोशिश का मामला CID जांच में है। ये जांच खुद CEC की भूमिका पर सवाल उठाती है। जब उनसे पूछा गया कि क्या उनका 'हाइड्रोजन बम' प्रधानमंत्री मोदी के संसदीय क्षेत्र वाराणसी से जुड़ा होगा, तो राहुल ने कहा कि यह अटकलें लगाने का काम मीडिया का है, उनका काम है सच्चाई देश के सामने लाना। राहुल गांधी ने वायनाड में अपनी बहन और कांग्रेस महासचिव प्रियंका गांधी के साथ पूर्व मुख्यमंत्री ओमन चांडी की स्मृति में बने सभागार का उद्घाटन किया। इस मौके पर उन्होंने कहा कि ओमन चांडी सत्ता में रहते हुए भी हमेशा जनता से जुड़े और विनम्र रहे, जबकि आज कई राष्ट्रीय स्तर के नेता सत्ता में आते ही घमंडी हो जाते हैं।

### प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी का 25 सितंबर को बांसवाड़ा दौरा

## न्यूक्लियर पावर प्रोजेक्ट सहित कई विकास परियोजनाओं का करेंगे शिलान्यास

बढ़ता राजस्थान

**जयपुर।** मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा शनिवार को बांसवाड़ा के नापला पहुंचे जहां उन्होंने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के 25 सितंबर को प्रस्तावित दौरे की तैयारियों का जायजा लिया। इस दौरान उन्होंने सभास्थल, हेलीपैड एवं पार्किंग स्थल सहित अन्य स्थानों का निरीक्षण कर संबंधित अधिकारियों को जरूरी दिशा-निर्देश प्रदान किए। शर्मा ने कार्यक्रम स्थल पर तैयार किए जाने वाले डोम तथा मंच के स्थान का निरीक्षण करते हुए सुरक्षा इंतजाम सहित अन्य व्यवस्थाओं के बारे में स्थानीय अधिकारियों से जानकारी ली। उन्होंने तैयारियों की समीक्षा करते हुए अधिकारियों को निर्देश दिए



कि इस आयोजन को सफल बनाने के लिए सभी व्यवस्थाएं समयबद्ध रूप से सुनिश्चित की जाए तथा इस बात का विशेष ध्यान रखा जाए कि आगंतुकों को किसी प्रकार की असुविधा न हो। इस दौरान मुख्यमंत्री ने कहा कि यशस्वी प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी 25 सितंबर को बांसवाड़ा की धरती से माही बांसवाड़ा परमाणु ऊर्जा संयंत्र सहित कई विकास परियोजनाओं के शिलान्यास-लोकार्पण की देश व प्रदेश को सौगात देंगे। उन्होंने कहा कि न्यूक्लियर पावर प्रोजेक्ट प्रदेश की ऊर्जा क्षमता को नई ऊंचाइयों पर ले जाने में मील का पत्थर साबित होगा। इस अवसर पर जनजाति क्षेत्रीय विकास मंत्री बाबूलाल खराड़ी, विधायक कैलाश मीना, शंकरलाल डेचा, मुख्य सचिव सुधांश पंत, पुलिस महानिदेशक राजीव कुमार शर्मा, अतिरिक्त मुख्य सचिव जल संसाधन अभय कुमार, अतिरिक्त मुख्य सचिव मुख्यमंत्री कार्यालय शिखर अग्रवाल एवं अतिरिक्त मुख्य सचिव सार्वजनिक निर्माण प्रवीण गुप्ता सहित अन्य जनप्रतिनिधि एवं वरिष्ठ अधिकारीगण मौजूद रहे।

## शक्ति विनम्रता-जिम्मेदारी से इस्तेमाल करनी चाहिए: सीजेआई

बढ़ता राजस्थान

**नई दिल्ली।** अचीफ जस्टिस (CJI) बीआर गवई ने शनिवार को कहा कि जजों को अपनी शक्ति विनम्रता और जिम्मेदारी के साथ इस्तेमाल करनी चाहिए। CJI दिल्ली में सेंट्रल एडमिनिस्ट्रेटिव ट्रिब्यूनल (CAT) 2025 के 10वें अखिल भारतीय सम्मेलन में बोल रहे थे। इसमें देशभर से जजों और ट्रिब्यूनल सदस्यों ने



हिस्सा लिया था। इस दौरान CJI ने कहा, चीफ जस्टिस ने कहा कि उनके ये विचार आलोचना नहीं, बल्कि आत्मचिंतन और सुधार का अवसर हैं, ताकि ट्रिब्यूनल और न्याय व्यवस्था और मजबूत हो सके। CJI ने कहा कि ज्यूडिशियल ऑफिसर्स के आचरण गंभीर चिंता का विषय है। उन्होंने बताया कि अब न्यायिक मजिस्ट्रेट फर्स्ट क्लास (JMFC) परीक्षा के लिए तीन साल की प्रैक्टिस जरूरी कर दी गई है। उन्होंने कहा, चीफ जस्टिस ने कहा कि यह नियम दोबारा लागू करने का मकसद यही है कि उम्मीदवार अदालत की प्रक्रिया समझने के बाद ही जज बनें। उन्होंने मार्टिन लूथर किंग के भाषण का जिक्र करते हुए कहा, "हमें ऐसे नेता चाहिए जो पैसे या शोहरत के नहीं, बल्कि न्याय और मानवता के प्रेमी हों।"

## 100 दुखों की एक दवा आत्मनिर्भर भारत : प्रधानमंत्री मोदी

बढ़ता राजस्थान

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी शनिवार को एक दिन के गुजरात दौरे पर पहुंचे। उन्होंने भावनगर में करीब 35 मिनट तक जनता को संबोधित किया। PM ने विकसित भारत, कानूनों में बदलाव और आत्मनिर्भर भारत का जिक्र किया। PM ने कहा कि भारत आज विश्व बंधु की भावना से आगे बढ़ रहा है। दुनिया में हमारा कोई दुश्मन नहीं है। सच में अगर हमारा कोई दुश्मन है तो वो है दूसरे देशों पर हमारी निर्भरता। हमें मिलकर भारत के इस दुश्मन को हराना है। दूसरों पर निर्भर रहेंगे तो हमारे आत्मसम्मान को चोट पहुंचेगी। हम भावी पीढ़ी के भविष्य को दांव पर नहीं लगा सकते, इसलिए कहते हैं 100 दुखों की एक दवा, वो है आत्मनिर्भर भारत। PM सुबह 10 बजे भावनगर पहुंचे थे। इसके बाद



उन्होंने एयरपोर्ट से जवाहर ग्राउंड तक रोड शो किया। 'समुद्र से समृद्धि' कार्यक्रम में सौराष्ट्र और गुजरात में 34,200 करोड़ रुपए के विकास कार्यों का वर्चुअली उद्घाटन और शिलान्यास किया। ये योजनाएं पोर्ट्स, शिपिंग एंड वाटरवेज मंत्रालय, गुजरात मैरीटाइम बोर्ड और अन्य राज्यों के समुद्री बोर्ड से जुड़ी हुई हैं।दूसरे देशों पर निर्भरता सबसे बड़ा दुश्मनः भारत आज विश्व बंधु की भावना से आगे बढ़ रहा है। दुनिया में हमारा कोई दुश्मन नहीं है। सच में अगर हमारा कोई दुश्मन है तो वो है दूसरे देशों पर हमारी निर्भरता। यह हमारा दुश्मन है। हमें मिलकर भारत के इस दुश्मन को हराना है। हमें यह बात हमेशा दोहराना है जितनी ज्यादा विदेशी निर्भरता, उतनी ज्यादा देश की विफलता।



## सम्पादकीय

# ट्रंप का आत्मघाती फैसला, अमेरिकी कंपनियों को भी होगा नुकसान

अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रंप की ओर से एच-1 बी वीजा की फीस में अप्रत्याशित वृद्धि का फैसला भारतीय आइटी कंपनियों के साथ अमेरिकी हितों को भी चोट पहुंचाने वाला है। उनके इस फैसले से भारतीय आइटी कंपनियों के साथ अमेरिकी कंपनियों पर भी बुरा असर पड़ेगा और इनमें आइटी सेक्टर से इतर क्षेत्र की कंपनियां भी हैं। इसका प्रमाण यह है कि उनके फैसले की आलोचना अनेक अमेरिकी ही कर रहे हैं।

यदि ट्रंप यह सोच रहे हैं कि एच-1बी वीजा धारकों की फीस एक हजार डालर से एक लाख डालर सालाना करने से भारतीय और अमेरिकी कंपनियां अमेरिका के युवाओं को नौकरी देने के लिए बाध्य हो जाएंगी तो यह उनकी भूल है, क्योंकि इन कंपनियों को जैसे और जितने सक्षम युवा पेशेवर चाहिए, वे अमेरिका में हैं ही नहीं। अमेरिकी राष्ट्रपति यह भी भूल रहे हैं कि अमेरिका के आर्थिक विकास में अप्रवासियों का बहुत योगदान है और यह केवल पेशेवर लोगों का ही नहीं, बल्कि कामगारों का भी है। यह ठीक है कि इन कामगारों में अच्छी-खासी संख्या अवैध तरीके से अमेरिका पहुंचे लोगों की है, लेकिन यदि ऐसे सभी लोगों को निष्कासित कर दिया जाएगा तो अमेरिका में काम-धंधा ठप होने की नौबत आ जाएगी। निःसंदेह अमेरिकी राष्ट्रपति के फैसले ने भारतीय आइटी कंपनियों के समक्ष फौरी तौर पर परेशानी खड़ी कर दी है, लेकिन वे इस समस्या का कोई न कोई समाधान निकाल लेंगी। यदि उनके साथ अमेरिकी कंपनियां भी अपना कारोबार बाहर ले जाती हैं या आउटसोर्स करती हैं तो इससे कुल मिलाकर अमेरिका को ही नुकसान होगा। चूंकि एच-1 बी वीजा धारकों के सबसे अधिक लाभार्थी भारतीय हैं, इसलिए अमेरिका में नौकरी करने के इच्छुक युवाओं को झटका लगेगा, लेकिन भारतीय कारोबारी उनके लिए देश में ही काम के अवसर पैदा कर सकते हैं। उन्हें ऐसा करना भी चाहिए। उन्हें ट्रंप के फैसले को आपदा नहीं, बल्कि अवसर के रूप में देखना चाहिए। भारतीय कंपनियों को देश में ही अपना कारोबार बढ़ाने के जतन इसलिए भी करने चाहिए, क्योंकि आने वाले समय में ट्रंप कुछ और ऐसे कदम उठा सकते हैं, जिनके निशाने पर भारत हो। उन्होंने भले ही टैरिफ के मामले में लचीला रवैया अपनाते हुए भारत से शीघ्र व्यापार समझौता होने की संभावना जताई हो, लेकिन वे भारतीय हितों के विपरीत काम करते दिख रहे हैं। वे केवल यही दबाव नहीं बना रहे कि भारत रूस से तेल खरीदना बंद करे, बल्कि उन्होंने ईरान के चाबहार बंदरगाह में भारत के लिए मुसीबत खड़ी करने का काम किया है।



## आज का इतिहास

बढ़ता राजस्थान

### 21 सितंबर की महत्त्वपूर्ण घटनाएँ

- 1784 - अमेरिका का पहली बार दैनिक अखबार (पेनसिलवेनिया पैकेट एंड जनरल एडवरटाइजर) छपा।
- 1790- पालघाट ने जनरल मेडोव के नेतृत्व में ब्रिटिश टुकड़ी के समक्ष 60 बंदूकों के साथ आत्मसमर्पण किया।
- 1815 - किंग विलियम प्रथम ने ब्रुसेल्स में शपथ ली।
- 1857 - बहादुर शाह द्वितीय ने अंग्रेजों के समक्ष आत्मसमर्पण किया।
- 1885 - नीदरलैंड के लोगों ने चुनावों में मतदान के अधिकार के लिये प्रदर्शन किया।
- 1905 - 'अटलांटा लाइफ इंश्योरेंस' कंपनी गठित हुई।
- 1928 -'माय विकली रीडर' मैगज़ीन की शुरुआत।
- 1938 - चक्रवाती तूफान(183 मील प्रति घंटे की रफ्तार) से न्यू इंगलैंड में 700 लोगों की मौत।
- 1942 - नाजियों ने यूक्रेन, डुनेवट्सी में 2588 यहूदियों की हत्या की।
- 1942 - बोइंग बी-29 सुपरफोट्रेस ने अपनी पहली उड़ान भरी।
- 1964 - माल्टा ने ब्रिटेन से स्वतंत्रता हासिल की।
- 1966 - मिहीर सेन ने बासफोरस चैनल तैरकर पार किया।
- 1999 - मध्य ताइवान में ची-ची भूकंप से 2400 लोगों की मृत्यु।
- 2013 - नैरोबी के वेस्टगेट शापिंग मॉल में आतंकवादी संगठन अल शबाब के हमले में 67 लोगों की मौत।
- 1979 - मध्य अफ्रीकी गणराज्य के तथाकथित सम्राट बोकासा सैनिक क्रान्ति में अपदस्थ।
- 1984 - ब्रुनेई संयुक्त राष्ट्र में शामिल हुआ।
- 1998 - अमेरिकी राष्ट्रपति बिल क्लिंटन और मोनिका लेविंस्की के प्रेम प्रकरण से संबंधित वीडियो टेप जारी।
- 1991 - अर्मेनिया को सोवियत संघ से स्वतंत्रता मिली।
- 2000 - भारत एवं ब्रिटेन के बीच बेहतर संबंध के लिए 'लिबरल डेमोक्रेटिक फ्रेंड्स आफ़ इंडिया सोसायटी' की स्थापना।
- 2001 - अफग़ानिस्तान में सत्तारूढ़ तालिबान शासन और और नार्दन एलाएंस में लड़ाई शुरू।
- 2003 - संवैधानिक संशोधनों के नये मसौदे को भी पाकिस्तान के विपक्ष ने नामंजूर किया।
- 2004 - अमेरिका ने लीबिया से आर्थिक प्रतिबंध हटाया।
- 2005 - जूनिचिरो कोईजुमी को दुबारा जापान का प्रधानमंत्री चुना गया।

## विशेष आलेख

# भजनलाल सरकार का विजनः जयपुर में बनेगी राजस्थान की पहली स्पोर्ट्स यूनिवर्सिटी





डॉ नयन प्रकाश गांधी

पब्लिक पॉलिसी एक्सपर्ट डॉ नयन प्रकाश गांधी का मानना है कि जयपुर पहले ही अपनी समृद्ध विरासत और विश्व धरोहर स्थलों, जैसे आमेर किला, सिटी पैलेस और हवा महल के लिए अंतरराष्ट्रीय स्तर पर प्रसिद्ध है, जिससे यह शहर पर्यटन के मानचित्र पर लगातार सबसे ऊपर बना हुआ है। अब, महाराणा प्रताप स्पोर्ट्स यूनिवर्सिटी की स्थापना के साथ जयपुर को विश्व स्तरीय खेल शिक्षा का केंद्र भी बनाया जा रहा है।

राजस्थान की भजनलाल सरकार द्वारा हाल ही में हुई कैबिनेट बैठक में राज्य के भविष्य के लिए कई बड़े फैसले लिए गए हैं। इन फैसलों में सबसे महत्वपूर्ण है राजधानी गुलाबी नगरी जयपुर में महाराणा प्रताप के नाम से स्पोर्ट्स यूनिवर्सिटी की स्थापना। यह फैसला न केवल प्रदेश में खेल भावना को प्रोत्साहित करेगा, बल्कि राजस्थान को खेल शिक्षा और विश्व स्तर पर विशेषज्ञता के नए मुकाम तक ले जाएगा। यूथ एडवांसमेंट फोरम के नेशनल प्रोजेक्ट डायरेक्टर, पब्लिक पॉलिसी एक्सपर्ट डॉ नयन प्रकाश गांधी का मानना है कि भजनलाल सरकार की इस ऐतिहासिक पहल के माध्यम से न केवल युवाओं को नई दिशा मिलेगी, बल्कि प्रदेश की पहचान भी अंतरराष्ट्रीय पटल पर निखरेगी। जयपुर पहले ही अपनी समृद्ध विरासत और विश्व धरोहर स्थलों, जैसे आमेर किला, सिटी पैलेस और हवा महल के लिए अंतरराष्ट्रीय स्तर पर प्रसिद्ध है, जिससे यह शहर पर्यटन के मानचित्र पर लगातार सबसे ऊपर बना हुआ है। अब महाराणा प्रताप स्पोर्ट्स यूनिवर्सिटी की स्थापना के साथ जयपुर को विश्व स्तरीय खेल शिक्षा का केंद्र भी बनाया जा रहा है।

**स्पोर्ट्स यूनिवर्सिटी की आवश्यकता**

भारतीय शिक्षा प्रणाली में वर्षों से खेलों को मुख्यधारा से हटकर ही समझा जाता रहा है। हालांकि राजस्थान के पास शारीरिक दक्षता और ऐतिहासिक साहस की समृद्ध विरासत है, लेकिन पेशेवर खेल अवसरों की अब तक सीमित पहुंच रही है। बदलते समय और तेज शहरीकरण के दौर में राजस्थान के युवाओं का उत्साह और प्रतिभा सही दिशा में मोड़ा जाना जरूरी है। महाराणा प्रताप स्पोर्ट्स यूनिवर्सिटी इसी आवश्यकता की पूर्ति करेगी, जहां खेल विज्ञान, प्रबंधन, स्पोर्ट्स कोचिंग, स्पोर्ट्स मेडिसिन एवं न्यूट्रिशन जैसे विषयों को मुख्यधारा से जोड़ा जा सकेगा।यह विश्वविद्यालय सिर्फ मैदान या खेल की सुविधा नहीं, बल्कि खेलों को एक पेशेवर क्षेत्र के रूप में स्थापित करने का केंद्र बनेगा। यहां न सिर्फ खिलाड़ी बल्कि फिजियोथेरेपिस्ट, कोच, स्पोर्ट्स मैनेजर, और विशेषज्ञ तैयार किए जाएंगे, जिससे राजस्थान की स्पोर्ट्स इंडस्ट्री सशक्त होगा

**जयपुर ही क्यों?लक्ष्य एक विकसित समृद्ध वैश्विक पटल पर राजस्थान**

स्पोर्ट्स यूनिवर्सिटी के लिए जयपुर का चयन सरकार की रणनीतिक सोच को दर्शाता है। राजधानी होने के कारण जयपुर में उत्कृष्ट आधारभूत संरचना, बेहतर कनेक्टिविटी, और प्रशासनिक सुविधा उपलब्ध हैं। जयपुर में पहले से ही कई अंतरराष्ट्रीय स्तर के स्टेडियम, ट्रेनिंग सेंटर और स्पोर्ट्स फैसिलिटीज मौजूद हैं, जिससे यहाँ इस विश्वविद्यालय की स्थापना तीव्र गति से हो सकती है।जयपुर का भौगोलिक महत्व भी इसमें अहम भूमिका निभाता है,यह शहर प्रदेश के सभी हिस्सों से आसानी से पहुँच योग्य है। यहाँ की सांस्कृतिक विविधता और आधुनिक सोच भी युवाओं को आकर्षित करती है, जिससे शिक्षा और खेल के नए आयाम खुलेंगे।विश्व धरोहरों के समान ही, यह खेल विश्वविद्यालय ना केवल आधुनिक सुविधाओं व उन्नत पाठ्यक्रमों के माध्यम से युवाओं को उत्कृष्टता की ओर ले जाएगा, बल्कि जयपुर की पहचान को पर्यटन और खेल के अद्भुत संगम के रूप में वैश्विक मंच पर और भी मजबूत करेगा। जल्द ही जयपुर न केवल ऐतिहासिकता और सांस्कृतिक वैभव के लिए, बल्कि उच्च श्रेणी के खेल संस्थानों व अंतरराष्ट्रीय प्रतियोगिताओं की मेजबानी के लिए भी जाना जाएगा,जिससे शहर की गौरव, आर्थिक अवसर और युवाओं के विकास की संभावनाएं विश्व स्तर तक पहुंच जाएंगी।

**महाराणा प्रताप नाम में छुपा संदेश**

इस विश्वविद्यालय को महाराणा प्रताप के नाम से स्थापित किए जाने का निर्णय इतिहास और परंपरा का सम्मान है। महाराणा प्रताप साहस, दृढ़ता और संघर्षशीलता के प्रतीक हैं,वही गुण जो किसी भी खिलाड़ी के लिए आवश्यक हैं। इस प्रतिष्ठित नाम के जरिए भजनलाल सरकार ने युवाओं को राजस्थान की महान विरासत से प्रेरणा लेने और अपने सपनों को ऊँचाइयों तक पहुँचाने का संदेश दिया है।वर्तमान सरकार अपने कार्यकाल में युवाओं के हितार्थ रोजगार ,शिक्षा, स्वास्थ्य और खेल के क्षेत्र में लगातार परिवर्तनकारी कदम उठा रही है।

# टैरिफ और वीज़ा संकट की वजह से अमेरिका से मुंह मोड़ रहे भारतीय पर्यटक



महेन्द्र तिवारी

*इस बार की गिरावट का एक बड़ा कारण अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप का भारतीय सामानों पर 25 प्रतिशत टैरिफ लगाने का फैसला भी बताया जा रहा है।*

अमेरिका और भारत के बीच हालिया व्यापारिक और भू-राजनीतिक तनावों ने अमेरिकी पर्यटन उद्योग पर गहरा असर डाला है। भारतीय पर्यटक, जिन्हें अमेरिका के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण माना जाता है, इस बार गर्मियों में अपेक्षित संख्या में नहीं पहुंचे। अगस्त महीने में अमेरिका घूमने जाने वाले भारतीय पर्यटकों की संख्या पिछले साल की तुलना में 15 प्रतिशत कम रही। यह लगातार तीसरा महीना था जब गिरावट दर्ज की गई। जून में 8 प्रतिशत और जुलाई में 6 प्रतिशत कमी देखी गई थी। अमेरिकी राष्ट्रीय संग्रहालय एवं पर्यटन कार्यालय के शुरुआती डेटा से पता चलता है कि इस गिरावट ने अमेरिकी व्यापार को केवल गर्मियों के मौसम में लगभग 340 मिलियन डॉलर का नुकसान पहुँचाया। यह गिरावट ऐसे समय आई है जब अमेरिका और भारत के बीच कई मुद्दों पर तनातनी बनी हुई है, जिनमें भारतीय सामानों पर अमेरिकी टैरिफ, रूस से भारत की तेल खरीद और भारत-पाकिस्तान संघर्ष विराम पर अमेरिकी बयानबाज़ी शामिल हैं।

पिछले साल, यानी 2024 में, भारतीय पर्यटकों के आने में जबरदस्त उछाल देखा गया था। उस समय जून में 35 प्रतिशत, जुलाई में 26 प्रतिशत और अगस्त में 9 प्रतिशत की वृद्धि हुई थी। भारतीय पर्यटकों के खर्च करने का स्तर भी अमेरिकी पर्यटन उद्योग के लिए बेहद अहम है। 2024 में हर भारतीय पर्यटक ने औसतन 5,200 डॉलर खर्च किया था, जो दुनिया के औसत 1,802 डॉलर से लगभग तीन गुना है। इसी वजह से भारत अमेरिका के लिए एक बेहद आकर्षक पर्यटन बाज़ार है। भारत अमेरिका आने वाले विदेशी पर्यटकों की सूची में कनाडा, मेक्सिको और यूनाइटेड किंगडम के बाद चौथे स्थान पर है। यह केवल संख्या का मामला नहीं है, बल्कि भारतीय पर्यटकों के खर्च का स्तर अमेरिकी अर्थव्यवस्था के लिए बड़ा लाभकारी साबित होता है।

इस बार की गिरावट का एक बड़ा कारण अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप का भारतीय सामानों पर 25 प्रतिशत टैरिफ लगाने का फैसला भी बताया जा रहा है। यह कदम भारतीय बाज़ार और अमेरिकी उद्योगों के बीच तनाव बढ़ाने वाला रहा। इसके अलावा, रूस से तेल खरीदने पर भारत की नीति और भारत-पाकिस्तान संघर्ष विराम पर अमेरिका के बयान ने भी दोनों देशों के बीच संबंधों को तनावपूर्ण बनाया है। विशेषज्ञों का कहना है कि ये सारे कारण भारतीय पर्यटकों के मनोबल पर असर डाल रहे हैं। आम भारतीय यात्रियों के लिए वीज़ा प्रसंस्करण में देरी भी एक बड़ी बाधा है। अमेरिका के लिए वीज़ा मिलने में औसतन चार महीने का समय लग रहा है, जबकि यूनाइटेड किंगडम में यह प्रक्रिया तीन हफ्तों में पूरी हो जाती है और कनाडा में सिर्फ चार से छह हफ्ते लगते हैं। इससे भारतीय यात्री अन्य देशों को प्राथमिकता दे रहे हैं। अमेरिकी पर्यटन विभाग ने इस गिरावट को रोकने के लिए प्रयास भी किए थे। इस साल की शुरुआत में ब्रांड यूएसए ने भारतीय यात्रियों को आकर्षित करने के लिए बड़ी मुहिम चलाई। जनवरी में हैदराबाद में आयोजित प्रचार कार्यक्रम अब तक का सबसे बड़ा था।

## शख्सियत

बढ़ता राजस्थान



लता मंगेशकर

भारत की सबसे प्रतिष्ठित पार्श्वगायिका हैं जिन्होंने कई फिल्मी और गैरफिल्मी यादगार गीत गाए हैं। दुनिया भर में उनके करोड़ों प्रशंसक हैं जो लता को मां सरस्वती का अवतार मानते हैं। लता ने हजार से ज्यादा हिंदी फिल्मों में गीत गाए हैं। लता मंगेशकर का जन्म 28 सितम्बर 1929 को इन्दौर में हुआ जो कि अब मध्यप्रदेश में स्थित है। वे पंडित दीनानाथ मंगेशकर और शेवंती की बड़ी बेटी हैं। लता के पिता पंडित दीनानाथ मंगेशकर एक मराठी संगीतकार, शास्त्रीय गायक और थिएटर एक्टर थे जबकि मां गुजराती थीं। शेवंती उनकी दूसरी पत्नी थी। उनकी पहली पत्नी का नाम नर्मदा था जिसकी मृत्यु के बाद दीनानाथ ने नर्मदा की छोटी बहन शेवंती को अपनी जीवन संगिनी बनाया।

**हार्डीकर से मंगेशकर**

पंडित दीनानाथ का सरनेम हार्डीकर था जिसे बदल कर उन्होंने मंगेशकर कर दिया। वे गोआ में मंगेशी के रहने वाले थे और इसके आधार पर उन्होंने अपना नया सरनेम चुना। लता के जन्म के समय उनका नाम हेमा रखा गया था जिसे बदल कर लता कर दिया गया। यह नाम दीनानाथ को अपने नाटक 'भावबंधन' के एक महिला किरदार लतिका के नाम से सूझा। लता के बाद मीना, आशा, उषा और हृदयनाथ का जन्म हुआ।

**क्यों नहीं स्कूल गई लता?**

बचपन से ही लता को घर में गीत-संगीत और कला का माहौल मिला और वे उसी ओर आकर्षित हुईं। पांच वर्ष की उम्र से ही लता को उनके पिता संगीत का पाठ पढ़ाने लगे। उनके पिता के नाटकों में लता अभिनय भी करने लगीं। लता को स्कूल भी भेजा गया, लेकिन पहले ही दिन उनकी टीचर से अनबन हो गई।

## हैल्थ टिप्स

बढ़ता राजस्थान

# क्या आप भी साइनस के मरीज हैं?

साइनस मानव शरीर की खोपड़ी में हवा भरी हुई कैविटी होती हैं जो हमारे सिर को हल्कापन व सांस वाली हवा की नमी को युक्त करते हैं। जब कभी साइनस का संक्रमण हो जाता है तो यह सिरदर्द का भी एक कारण बन जाता है। जब नाक व साइनस का संक्रमण होता है तो इसका लक्षण आंखों पर और माथे पर महसूस होता है। सिरदर्द आगे झुकने व लेटने से बढ़ जाता है। कई बार तो नाक बंद, थकान, सर्दी के साथ बुखार, चेहरे पर सूजन व नाक से पीला या हरे रंग का रेशा भी गिरता है। इसे साइनोसाइटिस कहते हैं। साइनस के लिए किया जाने



वाला सबसे आम उपचार सर्जरी है, लेकिन अधिकांश मामलों में यह सफल नहीं होता। इसलिए चलिए आज हम आपको साइनस संक्रमण को दूर करने के लिए घरेलू उपचार बताते हैं -

1. सब्जियों का प्रयोग एक सबसे अच्छा साइनस संक्रमण घरेलू उपचार है। अगर आप 300 एमएल गाजर का रस, 100 एमएल चुकंदर का रस, 200 एमएल पालक का रस और 100 एमएल ककड़ी का रस रोज़ पिएगें तो आपको जरुर फायदा होगा।

2. एक चम्मच मेथी के बीज को पानी के एक कप के साथ उबाल लें। इसको पांच मिनट तक अच्छे से उबाल कर छान लें। यह चाय एक बार हर रोज जरुर पीना चाहिए।

3. छोटा प्याज और लहसुन कूंट कर एक साथ पानी में उबाल कर भाप लेने से साइनस के सिरदर्द में लाभ होता है। साथ ही गर्म कपड़ा या फिर गर्म पानी की बोतल गालों के ऊपर रखकर सिकाई करनी चाहिए। यह प्रक्रिया लगभग एक मिनट के लिए दिन में तीन बार करनी चाहिए।

## आज का राशिफल

हमारे अनुभवी ज्योतिषियों की टीम के अनुसार आप कई विविध लक्ष्यों को पूरा करेंगे। क्या आप यह जानना चाहते है कि आपके जीवन के ऐसे कौनसे क्षेत्र है, जहां आपके सितारे बुलंद रहेंगे और दूसरी तरफ, अपको किस बातों से सावधान रहना चाहिए। हम न सिर्फ हमारे काम में और जटिल मुद्दों को सुलझाते वक्त सकारात्मक ऊर्जा को महसूस करेंगे, बल्कि पारम्परिक संबंधों में भी, जहां यह स्थानान्तरण हमें संताए और बातचीत में लाभ प्रदान करेगा

**मेष**
आज आपको भाग्य का पूरा साथ मिलेगा। आपके चारों ओर का वातावरण खुशनुमा रहेगा। आप जिस काम में हाथ डालेंगे, उसमें आपको सफलता अवश्य मिलेगी। जीवनसाथी के लिए भी आप कोई नई बिजनेस की शुरुआत कर सकते हैं।

**वृष**
आज आपको किसी वाद-विवाद में पड़ने से बचना होगा और आपके खर्च बढ़ेंगे, लेकिन आपकी आर्थिक स्थिति बेहतर रहने से आपको ज्यादा टेंशन नहीं होगी, लेकिन आपको भविष्य को लेकर कोई बड़ा इन्वेस्टमेंट करने की आवश्यकता है।

**मिथुन**
आज आप अपने पेंडिंग कामों को निपटाने की पूरी कोशिश करेंगे। धर्म के मार्ग पर चलकर आपको परम सुख की प्रति होगी और आप गरीबों की सेवा के लिए भी आगे आएंगे। आप अपने आलस्य को त्याग कर कामों को पूरा करेंगे।

**कर्क**
कारोबार कर रहे लोगों का यदि कोई काम अटका हुआ था, तो वह भी पूरा होगा, जिससे स्थिति भी बेहतर होगी। धन आगमन के रास्ते खुलेंगे। माता-पिता आपको से आप पारिवारिक मामलों को लेकर बातचीत करेंगे।

**सिंह**
आज आर्थिक दृष्टिकोण से किए गए प्रयास बेहतर रहेंगे। आपको अपने काम पर फोकस करके आगे बढ़ना होगा। आपके मन में यदि किसी बात को लेकर कोई डर बना हुआ है।

**कन्या**
आज का दिन आपके लिए साहस व पराक्रम में वृद्धि लेकर आने वाला है। आपकी अच्छी सोच का कार्यक्षेत्र में लाभ मिलेगा। विदेशो से व्यापार कर रहे लोगों को थोड़ी सावधानी बरतनी होगी।

**तुला**
आज आपको अपने बढ़ते खर्चों को योजना बनाकर चलना होगा। जीवनसाथी का सहयोग व सानिध्य आपको भरपूर मात्रा में मिलेगा। आपको नौकर चाकरों का पूरा सुख मिलेगा। पैतृक संपत्ति की प्राप्ति होने से आपकी संपत्ति में भी इजाफा होगा।

**वृश्चिक**
आज का दिन आपके लिए किसी काम को लेकर योजना बनाकर चलने के लिए रहेगा। कार्यक्षेत्र में आपको अपने सहकारियों का पूरा लाभ मिलेगा, लेकिन आप किसी महत्वपूर्ण काम को लेकर किसी दूसरे पर डिपेंड ना रहे।

**धनु**
आज आपको अपने बिजनेस में भाई व बहनों का पूरा सपोर्ट मिलेगा। एक साथ कई काम हाथ लगने से आपकी व्याकाग्रता बढ़ेगी। आपको अपने किसी पारिवारिक मामले को मिल बैठकर निपटने की आवश्यकता है।

**मकर**
आज आपकी कार्य कुशलता बेहतर रहेगी और आप पूरी कूटनीति से कामों को करेंगे। आपके बॉस को आपका काम करने का तरीका खूब पसंद आएगा। आपका कोई परिजन आपके घर आ सकता है।

**कुंभ**
आज का दिन आपके लिए साधनों में वृद्धि लेकर आने वाला है। आपके कुछ नए प्रयास बेहतर रहेंगे और आपको कोई साइड इनकम की संभावना है, लेकिन आप कार्य क्षेत्र में किसी पॉलिटिक्स का हिस्सा ना बनें।

**मीन**
आज आपके ऊपर काम का दबाव अधिक रहेगा और आपके मन में टेंशन भी रहेगी, जिससे आपका काम करने में मन भी थोड़ा कम लगेगा। आपको कोई बैंक से संबंधित काम आ सकता है, जो आपको परेशान करेगा।

## टीबी रोगियों को मिला पोषण का संबल, वितरित हुई 230 निक्षय किट



बढ़ता राजस्थान

**सवाई माधोपुर (राकेश शर्मा)।** सेवा पखवाड़ा के अंतर्गत शनिवार को जिला मुख्यालय पर टीबी अस्पताल परिसर में विशेष कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में जिलेभर के 230 टीबी रोगियों को निक्षय पोषण किट वितरित की गईं, जिससे मरीजों को उपचार के दौरान पौष्टिक आहार उपलब्ध हो सके।

कार्यक्रम में मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. अनिल जेमिनी, जिला क्षय रोग अधिकारी डॉ. अमित कुमार गोयल, पीएमओ डॉ. तेजराम मीणा एवं एम.ओ.टी.सी डॉ. देशराज मीणा सहित चिकित्सा अधिकारी, स्वास्थ्यकर्मी और जनप्रतिनिधि उपस्थित रहे। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी ने बताया कि केंद्र और राज्य सरकार द्वारा टीबी उन्मूलन हेतु लगातार ठोस प्रयास किए जा रहे हैं। निक्षय पोषण योजना का उद्देश्य मरीजों को संतुलित आहार उपलब्ध कराना है ताकि वे शीघ्र स्वस्थ होकर सामान्य जीवन जी सकें। जिला क्षय रोग अधिकारी डॉ. अमित कुमार गोयल ने कहा कि इस पहल से मरीजों को उपचार में सहयोग मिलेगा, उनकी रोग-प्रतिरोधक क्षमता बढ़ेगी और बीमारी से लडने का हौंसला भी मिलेगा। साथ ही मरीजों व उनके परिजनों को दवा समय पर लेने और टीबी से जुड़ी भ्रांतियों को दूर करने के लिए जागरूक किया गया।

## निवाई में देवनारायण बोर्ड अध्यक्ष ओमप्रकाश भड़ाना का दौरा



बढ़ता राजस्थान

**निवाई(का.स.)।** देवनारायण योजना के अंतर्गत संचालित हो रहे विकास कार्यों का जायजा लेने के लिए देवनारायण बोर्ड के अध्यक्ष ओमप्रकाश भड़ाना शनिवार को निवाई पहुँचे। भड़ाना ने झिलाय रोड स्थित मॉडल स्कूल के पास निर्माणाधीन छात्रावास की भूमि का निरीक्षण किया और अधिकारियों से चल रहे कार्यों की प्रगति की जानकारी ली। निरीक्षण के दौरान उन्होंने अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए और समय पर गुणवत्तापूर्ण निर्माण कार्य सुनिश्चित करने पर जोर दिया। इस दौरान पत्रकारों से बातचीत करते हुए देवनारायण बोर्ड के अध्यक्ष ओमप्रकाश भडाणा ने कहा कि प्रदेश में गरीब किसान के बेटे के मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा की के नेतृत्व में सरकार बनी है। उन्होंने संकल्प लिया है कि गरीब किसान मजदूर और आमजन को राहत मिले और प्रदेश और केंद्र सरकार द्वारा चलाई जा रही योजनाओं का लाभ मिले। स्थानीय प्रशासन और जनप्रतिनिधि के सहयोग से जमीन का अलॉटमेंट हो चुका है। इस मौके पर जोधपुरिया स्थित देवनारायण मंदिर ट्रस्ट में चल रहे विवाद पर भी भड़ाना ने प्रतिक्रिया व्यक्त की। उन्होंने कहा कि धार्मिक स्थान पर किसी भी प्रकार की राजनीति या स्वार्थ का भाव नहीं होना चाहिए। ऐसी घटनाएँ समाज के लिए दुर्भाग्यपूर्ण और वास्तव में निंदनीय हैं। निरीक्षण के दौरान तहसीलदार नरेश गुर्जर, मांगीलाल गुर्जर, सुरेश डोई, शंकर पडियार,हंसराज कसाना, सहित गुर्जर समाज के कई लोग मौजूद रहे।

## सुअरों द्वारा फसलों के नुकसान से बचाव करवाने की मांग को लेकर किसानों ने सांसद को सौंपा ज्ञापन



बढ़ता राजस्थान

**निवाई (का.स.)।** किसान महापंचायत के पदाधिकारियों ने सांसद हरिशचन्द्र मीणा को सुअरों द्वारा फसलों को नुकसान करने को लेकर ज्ञापन सौंपा है। ब्लॉक अध्यक्ष दशरथसिंह चौहान सहित प्रतिनिधि मंडल के पदाधिकारियों ने सांसद हरिचन्द्र मीणा को निवाई क्षेत्र के 215 गांवों में सुअरों द्वारा फसलों के नुकसान को रोकने के लिए ज्ञापन सौंपा है। उन्होंने बताया कि क्षेत्र के सभी गांवों में सुअरो की संख्या बहुत अधिक हो गई है जो किसानों की फसलों को बर्बाद कर रहे है और कई गांवों में तो किसानों को भी काट लिया है। जिसको लेकर किसान महापंचायत के पदाधिकारियों ने कई बार उपखंड अधिकारी, विधायक एवं जिला कलेक्टर को ज्ञापन भी दिया जा चुका है लेकिन अभी तक इस पर कोई कार्यवाही नहीं की गई है। जिससे किसान बहुत परेशान है। किसानों ने सांसद को ज्ञापन सौंपकर अति शीघ्र मदद करने की मांग की है। ज्ञापन देने वालों में मुकेश डोई, रामप्रसाद बैरवा, गिर्राज देगड़ा, रामप्रसाद बैरवा, राजाराम चौधरी, देवराज गुर्जर व सुरेश चौधरी सहित कई किसान मौजूद थे।

## बांडी नदी में डूबने से पिता-पुत्र की मौत, श्राद्ध पक्ष तर्पण क्रिया के दौरान हुआ हादसा

बढ़ता राजस्थान

**निवाई (का.स.)।** उपखंड के गांव राहोली में शनिवार को श्राद्ध तर्पण के दौरान बांडी नदी में डूबने से एक पिता व पुत्र की मौत हो गई। जानकारी के अनुसार शनिवार की सुबह अशोक वाल्मीकि निवासी राहोली अपने परिवार के साथ तर्पण की क्रिया करने के लिए बांडी नदी पर गए थे।इसी दौरान उसका पुत्र आशीष (15) गहरे पानी में उतरने से अचानक डूबने लगा। उसे डूबता देखकर अशोक उसे बचाने के लिए नदी में कूद गया। ग्रामीणों ने मशक्कत कर दोनों को बाहर निकाला। सदर थानाधिकारी राजेंद्र प्रसाद ने बताया कि ग्रामीणों ने तुरंत नदी में उतरकर काफी मशक्कत के बाद दोनों को बाहर निकाला और मौके पर पहुंची 108 एंबुलेंस से दोनों को निवाई उप जिला अस्पताल ले जाया गया। जहां चिकित्सकों ने जांच के उपरांत दोनों को मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने शव को मोर्चरी में रखवाया।

### किसानों के साथ लूट मची हुई है - किरोड़ी

# कृषि मंत्री किरोड़ीलाल मीणा ने अब खेतों में मारा छापा:बीज निर्माता कंपनियों की अटकी सांसें

बढ़ता राजस्थान



**सवाई माधोपुर/ हनुमानगढ़ (राकेश शर्मा)।** सवाई माधोपुर के क्षेत्रीय विधायक एवं राज्य के कृषि मंत्री किरोड़ीलाल मीणा शनिवार को अचानक हनुमानगढ़ पहुंचे और प्रमाणिक बीज तैयार करने को लेकर आवंटित खेतों का निरीक्षण किया। इस दौरान जो फर्जीवाड़ा सामने आया, उसे देखकर मंत्री हैरान रह गए।

निरीक्षण के बाद मंत्री ने मीडिया को बताया कि कुछ महीने पहले श्रीगंगानगर में मैंने नकली बीज निर्माता कंपनियों के खिलाफ कार्रवाई की थी। इसके बाद बीज निर्माता फर्मों ने जांच पर सवालिया निशान लगाया था। उन्हीं के जवाब तलाशने के लिए मैं यहां आया हूं। मंत्री ने मीडिया के सामने दस्तावेज प्रस्तुत करते हुए कहा कि हकीकत यह है कि कंपनियां खेतों की बजाय कागजों में प्रमाणिक बीज तैयार कर रही हैं।

### इन जगहों पर मंत्री ने मारा छापा

हनुमानगढ़ के लखासर के पास 11 एलकेएस स्थित एक खेत का निरीक्षण करते हुए मंत्री ने बताया कि संबंधित बीज निर्माता कंपनी जयशंकर बीज श्रीगंगानगर को प्रमाणिक बीज तैयार करने का लक्ष्य दिया गया था। इसके तहत उक्त चक में रामस्वरूप व जगदीश के परिवार में सुदेश नाम के व्यक्ति के नाम पर लक्ष्य आवंटित कर दिया है। जबकि रामस्वरूप के परिवार में सुदेश नाम का कोई व्यक्ति नहीं है।

### जहां तैयार होना था ग्वार बीज, वहां कपास की खेती

इतना ही नहीं रामस्वरूप का कोई बेटा भी नहीं है और कागजों में जिस चक में ग्वार के बीज तैयार करने का लक्ष्य आवंटित किया गया था, उसमें मौके पर कपास की फसल तैयार मिली। मंत्री ने कहा कि इस तरह के करीब 40 साइट आसपास में और हैं। श्रीगंगानगर व हनुमानगढ़ में करीब 800 लोकेशन पर बीज तैयार करने का काम हुआ है। कृषि मंत्री ने कहा कि किसानों के साथ कंपनियां धोखा कर रही हैं। किसानों के खेत से जो फसल वह साठ रुपए किलो खरीदते हैं, उसे फैक्ट्री में लाकर सीधे पैक करके 700 से 1000 रुपए प्रति किलो बेच रहे हैं।

### मंत्री ने कहा सीबीआई जांच की मांग करूंगा

मंत्री ने कहा कि किसानों के साथ यह लूट है। सीएम से मिलकर इस फर्जीवाड़े की जांच एसओजी या सीबीआई से करवाने की मांग करूंगा। मंत्री ने कहा कि हैरानी की बात है कि इस गोरखधंधे में प्राइवेट कंपनियां ही नहीं सरकारी संस्थाएं भी लिप्त हैं। जिन सरकारी अफसरों की अनदेखी से उक्त कपंनियां चांदी काट रही हैं, उनको निलंबित या एपीओ करने की बजाय उनकी तनख्वाह रोकने तथा उनसे वसूली करने की कार्रवाई करने की बात कही। ताकि भविष्य में दूसरे अधिकारी इससे सबक ले सकें।

### पूरा का पूरा फर्जीवाड़ा

कृषि मंत्री ने जिस खेत का निरीक्षण किया, वहां बड़ा फर्जीवाड़ा देखने को मिला। फर्जी तरीके से एग्रीमेंट दस्तावेज तैयार करने के साथ ही फर्जी हस्ताक्षर भी मिले। मंत्री किरोड़ीलाल ने बताया कि पीएम मोदी किसानों की आय बढ़ाने की बात कह रहे हैं। लेकिन यहां पर किसानों को असली-नकली बीज क्या, बीज ही नहीं मिल रहा है। किसानों के साथ कंपनियां ठगी करके उन्हीं की फसलों को 20-25 रुपए किलो खरीदकर उनको दस गुणा अधिक भाव में बीज के नाम पर बेच रही हैं।

### सरकार से अनुदान भी ले रही कंपनियां

कुछ सरकारी तथा सहकारी संस्थाओं का नाम लेकर मंत्री ने कहा कि यह संस्थाएं भी इसमें संलिप्त हैं। अवैध तरीके से दस्तावेज तैयार करके कंपनियां सरकार से अनुदान भी प्राप्त कर रही हैं। ऐसे मामलों की जांच करवाकर दोषियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई करने की चेतावनी दी।

## नव भारत के निर्माण में प्रबुद्धजन वर्ग की अहम भूमिका-रामगोपाल सुथार



बढ़ता राजस्थान

**टोंक (का.स.)।** टोंक भाजपा के सेवा पखवाड़े के अंतर्गत प्रबुद्धजन सम्मेलन और ग्रामीण एवं शहरी सेवा शिविर नवीन भाजपा कार्यालय में भाजपा जिलाध्यक्ष चंद्रवीर सिंह चौहान की अध्यक्षता में आयोजित किया गया।कार्यक्रम में मुख्य वक्ता विश्वकर्मा बोर्ड अध्यक्ष रामगोपाल सुथार रहे।कार्यक्रम में विश्वकर्मा बोर्ड अध्यक्ष रामगोपाल सुथार ने कहा कि भाजपा ही एक ऐसी राजनीतिक पार्टी है जो सरकार में हों या विपक्ष में हर समय जनता की सेवा में लगी रहती है।उन्होंने कहा कि भाजपा की सरकारों ने देश के स्वाभिमान को ऊंचा किया है।उन्होंने कहा कि प्रबुद्धजन श्रेणी के लोगों ने नए भारत के निर्माण में अहम भूमिका निभाई हैं और प्रबुद्धजन लोग अब भारत को विकसित देश बनाने की ओर अग्रसर कर रहा है। भाजपा जिलाध्यक्ष चंद्रवीर सिंह चौहान ने कहा कि भाजपा के कार्यकर्ता की संगठन का आधार है। पूर्व सांसद सुखबीर सिंह जौनापुरिया ने कहा कि बीजेपी की सरकार ने 11 साल में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में भारत में कई सारे परिवर्तन किये हैं।उन्होंने कहा कि मोदी जी ने 11 साल के अंदर परिवारवाद , तुष्टिकरण , जातिवाद , भ्रष्टाचार को समाप्त किया।उन्होंने कहा मोदी जी के नेतृत्व में भाजपा का एकमात्र उद्देश्य है भारत को विश्वगुरु बनाना।प्रबुद्धजन सम्मेलन के बाद प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जीवन आधारित डॉक्यूमेंट्री भी देखी गई।कार्यक्रम में पूर्व जिलाध्यक्ष राजेन्द्र पराना, सतीश चंदेल, गणेश माहुर,पूर्व सभापति लक्ष्मी जैन,नरेश बंसल, जिला महामंत्री विष्णु शर्मा, प्रभु बाडोलिया,कार्यालय मंत्री ओमप्रकाश पांडे, जिला उपाध्यक्ष शैलेन्द्र चौधरी,प्रधान काबरा,बबलू टैंकर,राजेश शर्मा,जिला मंत्री बीना छामुनिया,नीलिमा आमेरा,हरिराम यादव,तरुण टिक्किवाल, रामकिशन गुर्जर,शकुंतला वर्मा,कोषाध्यक्ष महेंद्र पिुष्पा मीणा सहित अन्य मौजूद रहे।

## मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट आशुतोष सिंह ने जिला कारागृह का किया निरीक्षण

बढ़ता राजस्थान



**सवाई माधोपुर (राकेश शर्मा)।** शनिवार को आशुतोष सिंह आढ़ा मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट, लिंक अधिकारी सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण सवाई माधोपुर द्वारा जिला कारागृह सवाई माधोपुर का साप्ताहिक निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट द्वारा जेल परिसर, बैरकों एवं रसोईघर की साफ-सफाई, बंदियों को प्रदान भोजन, पीने के पानी एवं चिकित्सकीय सुविधाओं, जेल की सुरक्षा व्यवस्था, जेल की कार्यप्रणाली, बंदियों की दिनचर्या आदि के संबंध में जांच की गई एवं बंदियों से वार्ता कर उनकी समस्याओं को सुना गया।

निरीक्षण के दौरान शिकायत पेटिका का निरीक्षण करने पर शिकायत पेटिका में बंदियों को प्रदान मूलभूत सुविधाओं के संबंध में कोई शिकायत नहीं पाई गई, मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट द्वारा उपस्थित बंदियों को किसी भी प्रकार की समस्या होने पर जेल विजिटिंग लॉयर एवं अधिकार मित्र को अपनी समस्या के बारे में सूचित करने के संबंध में जानकारी प्रदान की गई।

निरीक्षण के दौरान कारागृह में कुल 93 बंदी उपस्थित पाये गए। मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट द्वारा जिला कारागृह के उपाधीक्षक विजय परेवा को जेल मैनुअल के अनुसार सभी बंदियों को आवश्यक मूलभूत सुविधाएं उपलब्ध करवाने के संबंध में आवश्यक दिशा-निर्देश प्रदान किये गये। साथ ही बंदियों को हत्या, लूट, चोरी एवं अन्य अपराधों से दूर रहने के लिए प्रेरित किया गया। दौराने निरीक्षण मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट द्वारा कारागृह परिसर में स्थित प्रिजन लीगल एड क्लीनिक का भी निरीक्षण कर बंदियों को प्रदान निःशुल्क विधिक सहायता के संबंध में जानकारी ली गई, निरीक्षण के दौरान चीफ लीगल एड डिफेन्स काउंसिल राधेश्याम जोगी एवं जेल स्टाफकर्मी उपस्थित रहे।

## शहरी प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र हाउसिंग बोर्ड में वितरीत किए 100 निक्षय पोषण किट

बढ़ता राजस्थान

**टोंक (का.स.)।** स्वस्थ नारी सशक्त परिवार अभियान एवं शहरी सेवा शिविर के अंतर्गत शनिवार को शहरी प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र हाउसिंग बोर्ड में स्पेशलिस्ट शिविर का सफल आयोजन किया गया। जिसके अंतर्गत शिविर में आने वाले लाभार्थियों की एनीमिया, टीबी, शुगर बीपी एवं गर्भवती महिलाओ की जाँच विशेषज्ञों चिकित्सको द्वारा की गई। श्री रामेश्वर प्रसाद मेमोरियल सेवा संसथान टोंक द्वारा टीबी के मरीजों को 40 पोषण किट वितरित किये गए।कैप के दोरान डॉ ..राजीव यादव, डॉ. महावीर चौधरी, डॉ. अब्दुल आजाद, डॉ. विकास कुमारी, डॉ. हेमंत साख्या एवं बंसल अस्पताल के निदेशक डॉ .राजीव बंसल ने निक्षय



मित्र बनकर 10-10 टीबी के मरीजों को पोषण किट वितरित किये गए । जिला क्षय रोग अधिकारी डॉ. हिमांशु मित्तल ने बताया कि पोषण किट वितरण के साथ मरीजों को मानसिक, सामाजिक एवं भावनात्मक सहयोग भी उपलब्ध कराया गया, जिससे उनके उपचार की प्रक्रिया और सरल हो सके। इस दौरान कैंप में पार्षद बादल साहू अध्यक्ष रामेश्वर प्रसाद मेमोरियल सेवा संस्थान, सीए आकाश जैन, हरिवंश शर्मा अध्यक्ष पेंशनर समाज, रोहिताश कुमावत सेवा भारती संस्थान टोंक , डीपीसी मसर्रत मिया, बीएचएस मोहम्मद शरजील खान, हेमंत शर्मा, शिमला चौधरी , शबाना, रेखा यादव, अक्षय जैन, आशा सहयोगिनी एवं अन्य स्टाफ उपस्थित रहे ।

### भाव बढने के आसार

# चीनी की मिठास अब आमजन के जेबों पर बढ़ाएगी भार

बढ़ता राजस्थान

**सवाई माधोपुर (राकेश शर्मा)।** चीनी के दामों पर नजर डालें तो त्योहारी सीजन की शुरुआत व बाजार में मांग बढने की वजह से आगामी दिनों में चीनी के दाम प्रतिकिलो एक से दो रुपए तक बढने की आशंका है। खुदरा बाजार में चीनी 45 रुपये किलो के आसपास बिक रही है, वहीं थोक व्यापारी इसे 43 से 44 रुपये किलो की दर से खरीद रहे हैं। अब मांग के बढने और सप्लाई चेन पर दबाव पडने के कारण कीमतों में इजाफे की आशंका जताई जा रही है।



जानकारी के अनुसार नवरात्रि,दशहरा व दीपावली आदि बड़े त्योहारों से पूर्व मिठाइया व घरेलू उपयोग के लिए चीनी की की मांग लगातार बढ़ रही है। वही, देश की चीनी मिलों में सप्लाई भी सीमित होने चीनी के भावों पर असर पड़ रहा है। वर्तमान में चीनी के भाव 45 रुए प्रति किलो के हिसाब से बिक रही है, जबकि गत सीजन में इसी समय चीनी के भाव 44 रुपए रहे। चीनी के दाम बढने से आगामी दिनों में चीनी 46 से 47 रुपए तक हो जाएगी। इसका सीधा असर आमजन की जेबों पर बढ़ेगा।

### गन्ने की फसल पर पड़ रहा असर,मिलों में स्टॉक हो रहा कम

चीनी के थोक व्यापारियों की माने तो उतरप्रदेश, हरियाणा, महाराष्ट्र ,गुजरात,तमिलनाडु,बिहार,पंजाब, उत्तराखंड,मध्य प्रदेश, आंध्र प्रदेश एवं तेलंगाना आदि में गन्ना उत्पादन होता है। लेकिन इस बार बरसात व बाढ़ की वजह से पंजाब,हरियाणा व बिहार में गन्ने का उत्पादन घटने की आशंका है। वर्तमान में उतरप्रदेश सहित अन्य राज्यों की चीनी मिलों में स्टॉक कम हो रहा है। उन्होंने बताया कि चीनी मिलो में लगातार स्टॉक कम होने की वजह से चीनी मिलों ने अब चीनी का बेचान भी बहुत कम कर दिया है। इससे चीनी के भाव बढने की पूरी संभावना है।

### यह है चीनी के भाव की स्थिति

| वर्ष | भाव |
|---|---|
| सितम्बर 2020 | 37 रुपए |
| सितम्बर 2021 | 41 रुपए |
| सितम्बर 2022 | 40 रुपए |
| सितम्बर 2023 | 41 रुपए |
| सितम्बर 2024 | 44 रुपए |
| सितम्बर 2025 | 45 रुपए |

(नोट- चीनी भाव रिटेल में है।)

### चाय की प्याली में आएगा उबाल

गृहणी सीमा शर्मा, माया शर्मा, कविता, राधिका अग्रवाल आदि का कहना है कि महंगाई की मार से पहले ही आमजन परेशान है। अब चीनी के दाम में बढ़ोतरी से घर की रसोई की व्यवस्था चरमरा जाएगी। घरों में चीनी का इस्तेमाल सबसे ज्यादा चाय में हो रहा है। अब सीधा असर चाय की प्याली पर पड़ेगा। इसके साथ ही मिठाइयों के दाम अपने आप बढ़ेंगे।

### चीनी के भाव बढने के आसार

त्योहारी सीजन के पूर्व देश में चीनी की मांग लगातार बढ़ रही है। जबकि चीनी मिलों में स्टॉक भी सीमित हो गया है। इस वजह से आगामी दिनों में चीनी के भाव एक से दो रुपए बढने की आशंका जताई जा रही है। चीनी के भाव बढने से आमजन की जेब पर भार बढ़ेगा।

**-किशोर गाबा,** प्रदेश मंत्री, खुदरा विक्रेता संघ

## अग्रवाल समाज द्वारा भजन संध्या तथा फूल बंगला झांकी आज

**बढ़ता राजस्थान, हिण्डौन सिटी/ (अंशु गुप्ता )।** अग्रवाल समाज अग्रवाल धर्मशाला मे आज अग्रवाल समाज के अध्यक्ष सत्येंद्र कुमार आर्य व अग्रवाल समाज महामंत्री एडवोकेट लक्ष्मण गोयनका ने बताया कि अग्रसेन जी महराज की जीवनी के साथ साथ भजन संध्या व फूल बंगला झांकी का आयोजन आज सांय 6: बजे से अग्रवाल धर्मशाला कटरा बाजार में होगा जिसमें अग्रवाल धर्मशाला ट्रस्ट के अध्यक्ष गोपाल लांगरा ब धर्मशाला ट्रस्ट के महामंत्री मनोहर लाल ने समस्त अग्र बंधुओ से अपील की है की अधिक से अधिक संख्या में अग्र बंधु एवं अग्र महिला भाग लेगे ।

## प्रागपुरा पुलिस की बड़ी कार्रवाई- 7000 ट्रामाडोल कैप्सूल सहित चार गिरफ्तार



**बढ़ता राजस्थान,पावटा (सुशील कुमार बंसल)।** पुलिस मुख्यालय के निर्देश पर अवैध मादक पदार्थों और नशीली दवाओं के खिलाफ चलाए जा रहे विशेष अभियान के तहत प्रागपुरा थाना पुलिस ने बड़ी सफलता हासिल की है। कार्रवाई में 7000 अवैध ट्रामाडोल कैप्सूल बरामद कर चार आरोपियों को गिरफ्तार किया गया। जिला पुलिस अधीक्षक देवेंद्र कुमार बिश्नोई के निर्देश पर एएसपी वैभव शर्मा के नेतृत्व और डीएसपी शिप्रा राजावत की सुपरविजन में थानाधिकारी किरण सिंह यादव व जिला स्पेशल टीम ने संयुक्त कार्रवाई की। डीएसटी टीम की सूचना पर दो मोटरसाइकिलों को रोककर तलाशी ली गई, जिसमें भारी मात्रा में ट्रामाडोल कैप्सूल मिले। गिरफ्तार आरोपियों में रिंकू यादव (25) पुत्र तेजराम यादव निवासी बडनगर, रवि मीणा (19) पुत्र भींवाराम मीणा निवासी पोस्ट ऑफिस के पास विराटनगर, सचिन सिंह (23) पुत्र कृष्ण सिंह निवासी दूल्हे सिंह वाली ढाणी तन बडनगर और रवि सिंह (22) पुत्र सुन्दर सिंह निवासी तुलसीपुरा शामिल हैं। पुलिस ने अवैध कैप्सूल के साथ दोनों मोटरसाइकिलें भी जब्त कीं। रोपियों के खिलाफ एनडीपीएस एक्ट की धारा 8/20 और 8/21 के तहत प्रकरण संख्या 405/2025 दर्ज कर आगे की जांच शुरू कर दी गई है।

## प्रागपुरा के पीएम श्री विद्यालय में 21वीं सदी के कौशल समूह परियोजना गतिविधि आयोजित



**बढ़ता राजस्थान, प्रागपुरा (सुशील कुमार बंसल)।** कस्बे के पीएम श्री महात्मा गांधी राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय में 21वीं सदी के कौशल समूह परियोजना गतिविधि का आयोजन किया गया, जिसमें कक्षा 6 से 12 तक के विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। विद्यार्थियों को विभिन्न समूहों में बांटकर अलग-अलग कार्य सौंपे गए। इस अवसर पर भाषण, क्विज, प्रश्नोत्तरी, चार्ट निर्माण, निबंध लेखन और कविता पाठ जैसी गतिविधियां आयोजित हुईं। इन गतिविधियों के माध्यम से विद्यार्थियों में योजना निर्माण, समय प्रबंधन, संप्रेषण कौशल, समन्वय, सहयोग, जिम्मेदारी और कर्तव्यनिष्ठा जैसे गुणों का विकास हुआ। गतिविधि प्रभारी महावीर प्रसाद शर्मा ने कहा कि 21वीं सदी में भारत को विकसित राष्ट्र बनाने के लिए विद्यार्थियों के बहुआयामी कौशलों का विकास अत्यंत आवश्यक है। उन्होंने शिक्षकों की भूमिका को भी महत्वपूर्ण बताते हुए कहा कि ज्ञानार्जन के साथ कौशल निर्माण ही वास्तविक शिक्षा का उद्देश्य है। विद्यालय स्टाफ ने निर्णायक की भूमिका निभाई और विद्यार्थियों का मार्गदर्शन किया। कार्यक्रम में व्याख्याता प्रकाश चंद गुर्जर, अरविंद कुमार शर्मा, पूनम यादव, निखिल गुप्ता सहित अन्य शिक्षक मौजूद रहे।

## कांग्रेस का वोट चोर-गद्दी छोड़ अभियान, गोपाल मीणा ने किए ब्लॉक प्रभारियों की नियुक्ति

**बढ़ता राजस्थान, पावटा (सुशील कुमार बंसल)।** कांग्रेस पार्टी द्वारा चलाए जा रहे वोट चोर-गद्दी छोड़ हस्ताक्षर अभियान को गति देने के लिए जयपुर जिला देहात कांग्रेस कमेटी के जिलाध्यक्ष गोपाल मीणा ने ब्लॉक प्रभारियों की नियुक्ति की है। यह अभियान पीसीसी अध्यक्ष गोविंद सिंह डोटासरा के निर्देशानुसार शुरू किया गया है। अभियान का उद्देश्य जनता के बीच जाकर उनकी समस्याओं को समझना, उन्हें उनके अधिकारों के प्रति जागरूक करना और सरकार से जवाब मांगने के लिए संगठित करना है। कांग्रेस का



मानना है कि जनता के समर्थन से ही सरकारें बनती हैं और यदि सरकार अपने वादों और जिम्मेदारियों को पूरा नहीं करती तो जनता को अपने अधिकारों के लिए खड़ा होना चाहिए।

## 20 वर्षों बाद मिला मकान का पट्टा एवं स्वामित्व योजना का मिला लाभ*

**बढ़ता राजस्थान, अजमेर (घनश्याम दास)।** सेवा पर्व पखवाडा के अन्तर्गत ग्रामीण सेवा शिविर-2025 के तहत पंचायत समिति भिनाय की ग्राम पंचायत एकलसिंगा में शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में गुलाबी पत्नी कैलाश बैरवा निवासी बनेडिया ने बताया कि मेरा विगत 20 वर्षों से पैतृक मकान ग्राम बनेडिया में बना हुआ है। इसमें मैं अपने परिवार के साथ रह रही हूं। मेरे मकान का मलिकाना हक स्वामित्व का कोई दस्तावेज पट्टा नहीं होने से मेरे मकान के पड़ोसी से सीमा पर विवाद बना रहता है एवं असुरक्षा की भावना बनी रहती है। मेरा मकान कच्चा होने के कारण प्रधानमंत्री आवास योजना स्वीकृत भी हो गया था। इस पर शिविर प्रभारी द्वारा ग्राम विकास अधिकारी एकलसिंगा के माध्यम से प्रार्थीया को स्वामित्व योजना की जानकारी देते हुए पट्टा के लिए आवेदन करवाया।

### नहीं चाहिए परियोजना

# खनन से उजड़ रहे जल, जंगल व जमीन

### पिण्डवाड़ा में प्रस्तावित खनन परियोजना पर ग्रामीण आक्रोशित, जनसुनवाई में ग्रामीणों ने दर्ज करवाई सामूहिक आपत्ति

बढ़ता राजस्थान

**सिरोही(नि.स.)।** पिण्डवाड़ा तहसील क्षेत्र के ग्रामीणों ने प्रस्तावित चूना पत्थर खनन परियोजना के खिलाफ शुक्रवार को विरोध दर्ज कराया। प्रस्तावित परियोजना को लेकर यहां भीमाना ग्राम पंचायत भवन में आयोजित पर्यावरणीय जनसुनवाई रखी गई। ग्रामीणों ने रोष जताते हुए कहा कि इस तरह की परियोजनाओं से पर्यावरण को भारी नुकसान हो रहा है। वहीं, जल-जंगल व जमीन को भी भारी क्षति पहुंच रही है। इस परियोजना को वे किसी भी सूरत में स्वीकृत नहीं होंगे देंगे। जनसुनवाई के दौरान ग्रामीणों ने परियोजना से पर्यावरण पर होने वाले संभावित खतरों पर भी जानकारी दी। जनसुनवाई के दौरान वाटेरा, रोहिड़ा, भारजा, भीमाना, तरुंगी,





डोलीफली, पीपेला व खाराडोली गांवों से पहुंचे ग्रामीणों ने सामूहिक रूप से आपत्ति दर्ज करवाई। उल्लेखनीय है कि मै. कमलेश मेटा कास्ट प्राइवेट लिमिटेड की ओर से यहां 800.9935 हेक्टेयर क्षेत्र में खनन का प्रस्ताव रखा गया है।

#### अंदरखाने प्रक्रिया किए जाने का आरोप

जनसुनवाई में भारी संख्या में ग्रामीण एकत्र हुए तथा व्यक्तिगत एवं सामूहिक रूप से आपत्ति दर्ज करवाई। ग्रामीणों का आरोप है कि जिम्मेदार अधिकारी क्षेत्र की जनता को अंधेरे में रखते हुए पर्यावरण से खिलवाड़ कर रहे हैं। आरोप है कि सूचना दिए बगैर ही अंदरखाने सुनवाई की प्रक्रिया करने को आमादा है। उधर, एडीएम राजेश गोयल ने कहा कि आपत्तियां उसी रूप में दर्ज कर ली गई है। इसकी पूरी रिपोर्ट उच्च स्तर पर भेजी जाएगी।

#### आदिवासी क्षेत्र के लिए बताया नुकसान

ग्रामीणों ने बताया कि यह पूरा क्षेत्र ट्राइबल सब प्लान (टीएसपी) में आता है। खनन से कृषि व पशुपालन आधारित आजीविका छिन जाएगी। वहीं, पेसा कानून 1996 व संवैधानिक अधिकारों का उल्लंघन होगा। उन्होंने अनुच्छेद 21 (स्वच्छ जीवन का अधिकार), अनुच्छेद 48 ए (पर्यावरण संरक्षण) और अनुच्छेद 51 ए (जी) (नागरिक का पर्यावरणीय कर्तव्य) की अनदेखी का आरोप लगाया।

## भूमि विवाद का निपटारा, बंटवार से 82 साल बाद मिला हक

बढ़ता राजस्थान

**सिरोही(नि.स.)।** पिंडवाड़ा ब्लॉक के नया सानवाड़ा में आयोजित ग्रामीण सेवा शिविर के दौरान एक परिवार को 82 वर्ष बाद बंटवार का लाभ मिला। अब वे अपने खेत को सुरक्षित रखने के लिए तारबंदी कर सकेंगे। शिविर अन्य लोगों के लिए भी राहत की सौगात लेकर आया।

शिविर प्रभारी ने बताया कि नया सानवाड़ा निवासी केसीबाई पत्नी भानाराम मीणा कई वर्षों से बंटवार चाह रही थी, ताकि अपने खेत को सुरक्षित कर सके। बंटवार के बगैर उसे योजनाओं का भी लाभ नहीं मिल रहा था। पिंडवाड़ा तहसीलदार ने शिविर में ही बंटवारा प्रस्ताव स्वीकृत कर खाता संख्या 422 कुल रकबा 5.4635 हैक्टयर भूमि के सभी खातेदारों को राहत प्रदान की गई। सभी खातेदारों की भूमि में जाने के लिए रास्ता भी दिया गया।

इससे भूमि के विवाद का मौके पर ही निपटारा हो गया। सभी खातेदारों ने राज्य सरकार के इस



महत्वाकांक्षी शिविर की सराहना की। प्रधान नितिन बंसल की मौजदूगी में दरगी पत्नी लकमाराम को आवासीय भूमि का पट्टा सौंपा गया। घर के स्वामित्व का हक मिलने से यह महिला खुश नजर आईं। इस मौके पर सरपंच अलका रावल, भाजपा जिला उपाध्यक्ष नरपतसिंह राणावत, विकास अधिकारी नवलाराम चौधरी, अतिरिक्त विकास अधिकारी जितेन्द्रसिंह राणावत, तहसीलदार शंकरलाल परिहार, आरआई किशोर रावल, पटवारी मनीषा देवड़ा, ग्राम विकास अधिकारी नैनाराम लोहार, एएनएम सौम्या टी, ग्राम विकास अधिकारी विजय रावत, एलडीसी मंछाराम मीणा, वीराराम मीणा, वार्ड पंच ईश्वरसिंह दहिया, लाडकंवर, लीलादेवी मेघवाल, किशन देवासी, गोपसिंह देवड़ा विरोली, मनोहरसिंह राणावत, सदाराम मेघवाल, छतरसिंह राणावत समेत कई लोग उपस्थित थे।

## भारत विकास परिषद की शाखा स्तरीय समूहगान प्रतियोगिता सम्पन्न



बढ़ता राजस्थान

**हिण्डौन सिटी, (अंशु गुप्ता)।** भारत विकास परिषद की शाखा के तत्वावधान में आज शनिवार को लक्ष्मी पैलेस में शाखा स्तरीय समूहगान प्रतियोगिता का भव्य आयोजन किया गया। प्रकल्प प्रभारी राष्ट्रीय समूहगान एवं कार्यक्रम संयोजिका श्रीमती मोना ऐरन ने बताया कि प्रतियोगिता का मुख्य उद्देश्य देशभक्ति, सामाजिक समरसता और भारतीय सांस्कृतिक मूल्यों का प्रचार-प्रसार करना तथा नई पीढ़ी में राष्ट्रप्रेम की भावना विकसित करना था। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के पूर्व विभाग संचालक श्री जगदीश प्रसाद मोदी रहे। शाखा अध्यक्ष उपेंद्र गुप्ता की अध्यक्षता में पीएससी फाउंडेशन के निदेशक श्री मोहनलाल गुप्ता भामाशाह के रूप में मंचासीन रहे। शाखा सचिव दीनदयाल सिंहल ने बताया कि प्रतियोगिता में सात विद्यालयों की टीमों ने भाग लिया और देशभक्ति से ओतप्रोत समूहगान प्रस्तुत कर वातावरण को संगीतमय बना दिया। निर्णायक मंडल में छैलबिहारी पाठक, मुकेश शर्मा एवं एम.डी. भावना शामिल रहे, जिन्होंने प्रस्तुति, भाव, ताल और सामूहिक तालमेल के आधार पर विजेताओं का चयन किया। प्रथम स्थान निर्मल हैप्पी उच्च माध्यमिक विद्यालय को प्राप्त हुआ, जबकि द्वितीय स्थान संयुक्त रूप से निर्मल पब्लिक अंग्रेजी माध्यम स्कूल और केशव विद्या मंदिर को मिला। प्रथम स्थान प्राप्त टीम अब गंगापुर सिटी में आयोजित प्रांत स्तरीय प्रतियोगिता में हिण्डौन शाखा का प्रतिनिधित्व करेगी। मुख्य अतिथि जगदीश प्रसाद मोदी ने कहा कि भारत विकास परिषद का यह प्रयास विद्यार्थियों में राष्ट्रीय चेतना जागृत करने की दिशा में प्रेरणादायक है।

## समाजसेवी रवि अग्रवाल का आकस्मिक निधन, बाजार रहा बंद

बढ़ता राजस्थान

**पावटा/भीलवाड़ा।** निकटवर्ती ग्राम टसकौला निवासी एवं शिव विहार कॉलोनी, पावटा में रहने वाले 48 वर्षीय समाजसेवी रवि अग्रवाल का गुरुवार को आकस्मिक निधन हो गया। उनके निधन की खबर मिलते ही क्षेत्र में शोक की लहर दौड़ गई। श्रद्धांजलि स्वरूप पावटा कस्बे का सम्पूर्ण बाजार बंद रहा।

पूर्व जिला पार्षद ललित गोयल ने बताया कि रवि अग्रवाल समाजसेवा के साथ-साथ राजनीतिक क्षेत्र में भी सक्रिय थे। वे मनीष ट्रेडिंग कंपनी का संचालन करते थे और कई स्वयंसेवी संगठनों में पदाधिकारी रह चुके थे। सामाजिक और सांस्कृतिक



आयोजनों में वे हमेशा बढ़-चढक़र भाग लेते थे। उनकी समाजसेवा और योगदान के प्रति लोगों की भावनाएं इस बात से झलकती हैं कि उनके निधन पर पूरे कस्बे ने स्वतःस्फूर्त बाजार बंद रखा। उनके अंतिम संस्कार में हजारों लोग उपस्थित हुए।

## द बोहरा ग्लोबल स्कूल की छात्रा शिवानी ने सरकारी सेवा चयन में दोहरी सफलता हासिल की

बढ़ता राजस्थान

**हिण्डौन सिटी, महवा (अंशु गुप्ता)।** द बोहरा ग्लोबल स्कूलकी छात्रा शिवानी सुपुत्री राम स्वरूप, अनंतपुर टोडाभीम ने शानदार उपलब्धि हासिल करते हुए पहले पुलिस कांस्टेबल और फिर सचिवालय में एलडीसी (लोअर डिवीजन क्लर्क) पद पर चयनित होकर विद्यालय और क्षेत्र का नाम रोशन किया।

विद्यालय में शिवानी का सम्मानपूर्वक स्वागत किया गया। इस अवसर पर निदेशक विनय बोहरा और सह निदेशक विकास बोहरा ने उन्हें सम्मानित करते हुए कहा कि यह सफलता उनके कठिन परिश्रम और लगन का परिणाम है। शिवानी ने भी अपनी सफलता का श्रेय विद्यालय के प्रेरणादायक वातावरण और शिक्षकों को दिया।

विद्यालय प्रबंधन ने बताया कि यह उपलब्धि अन्य विद्यार्थियों के लिए प्रेरणा का स्रोत बनेगी। समारोह में निदेशक विनय बोहरा, सह निदेशक विकास बोहरा, प्रिंसिपल ओ. राजेश, पुनीत, कोऑर्डिनेटर श्वेता नेगी, सभी विषय अध्यक्ष और अध्यापक गण उपस्थित थे।



### भारतीय नारी की सबसे गौरवमय पहचान साड़ी

## शी सर्कल इंडिया का उदयपुर साड़ी फेस्टिवल का रंगारंग समापन

बढ़ता राजस्थान

**उदयपुर (नि.स.)।** शी सर्कल इंडिया द्वारा भारतीय नारी की पहचान साड़ी थीम पर आयोजित उदयपुर साड़ी फेस्टिवल का रंगारंग समापन सेंट्रल पब्लिक स्कूल में हुआ।

संस्थापिका तरीका भानुप्रताप ने बताया कि यह फेस्टिवल लगातार पाँचवीं बार आयोजित किया गया है। आयोजन का मुख्य उद्देश्य साड़ी को भारतीय समाज में पुनः लोकप्रिय बनाना और हर त्यौहार व हर उत्सव में महिलाओं को साड़ी धारण करने के लिए प्रेरित करना रहा। सेंट्रल पब्लिक स्कूल की डायरेक्टर श्रीमती अलका शर्मा ने बताया कि उनका मानना है कि "भारतीय नारी यदि साड़ी पहनकर विश्व के किसी भी कोने में जाती है तो उसे किसी और पहचान की आवश्यकता नहीं होती।"

कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में सेंट्रल पब्लिक स्कूल डायरेक्टर श्रीमती



अलका शर्मा, डॉ. स्वीटी छाबड़ा , श्रद्धा गट्टानी तथा मधु सरीन मौजूद रहीं। विशिष्ट अतिथि के रूप में रुखसाना साबुनवाला (डी प्लस शानदार), स्वर्ण सिल्वर से सोनू जैन गीतांजलि मेडिकल कॉलेज से हरलीन कौर एवं एसबीआई बैंक कार्यक्रम की शोभा बढ़ाई।

इस उत्सव में रोटरी क्लब पन्नाधाय, रोटरी क्लब मीरा, इंडियन बैंक तथा लॉरेट हाई स्कूल जैसी संस्थाओं का विशेष सहयोग रहा। इस अवसर पर रोटरी पन्नाधाय अध्यक्ष सुरभि खत्री, रोटरी मीरा अध्यक्ष रेखा सोनी, और केट वूमेन विंग अध्यक्ष विजयलक्ष्मी गलूडिया भी उपस्थित रहीं।

निर्णायक मंडल में शालिनी भटनागर, मोनिका मेवाड़ा, नवनीत कौर छाबड़ा, हरलीन कौर, वैशाली मोटवानी और वसुधामणि शामिल थीं।

उन्होंने बताया कि इस अवसर पर आयोजित विभिन्न प्रतियोगिताओं उदयपुर साड़ी क्वीन में प्रथम प्रिया साहू,द्वितीय डॉ. उर्मिला जैन मंडावत, रेट्रो साड़ी क्वीन में प्रथम निधि टांक,द्वितीय रोटेरियन प्रियंका कोठारी, क्रिएटिव साड़ी क्वीन में प्रथम प्रिया साहू, द्वितीय रेशमा, बेस्ट साड़ी पेयर में प्रथम डॉ. चेतना चैधरी, अलका चैधरी, द्वितीय सुनीता लालवानी, विमला आर्या, रीजनल साड़ी क्वीन में प्रथम अंजु पुरोहित,द्वितीय श्वेता चंडालिया,बेस्ट हेयर एंड मेकअप साड़ी क्वीन में प्रथम प्रिया साहू,द्वितीय डॉ. उर्मिला जैन मंडावत, बेस्ट साड़ी ग्रुप में प्रथम गीतांजलि हॉस्पिटल फीमेल डॉक्टर ग्रुप, द्वितीय कैट विमेन विंग उदयपुर, बेस्ट वॉक साड़ी क्वीन में प्रथम अंजु पुरोहित, द्वितीय प्रियंका भट्ट,मदर-डॉटर स्पेशल में प्रथम रिया डेम्बला, जेनीषा खत्री विजेता रही।

## पप्पू चीता हत्या मामले का फरार आरोपी शाहरूख खान गिरफ्तार



बढ़ता राजस्थान

**ब्यावर (अनिल सिखवाल)।** ब्यावर पुलिस ने पप्पू चीता हत्या के फरार आरोपी शाहरूख खान को गिरफ्तार कर लिया है। घटना के दौरान पप्पू चीता की इलाज के दौरान मृत्यु हो गई थी। मुख्य आरोपी सहित 02 अन्य आरोपियों को पहले ही गिरफ्तार किया जा चुका है। जानकारी के अनुसार 08 सितंबर 2025 की रात को पप्पू चीता को मील गेट पर कुछ लोगों ने मारपीट की। फरियादी सजन ने बताया कि करीब 7-8 लडक़े और कुछ महिलाएं उसके भाई के साथ मारपीट कर रहे थे। आरोपियों के हाथों में धारदार हथियार थे, जिनमें आमीर खान, शाहरूख खान, साहिल खान, आसीफ खान और कालू खान शामिल थे। गंभीर मारपीट के कारण पप्पू चीता की इलाज के दौरान मृत्यु हो गई। जिला पुलिस अधीक्षक रतन सिंह के निर्देशन में, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक भूपेंद्र शर्मा, आरपीएस और वृत्ताधिकारी राजेश कसाना आरपीएस के सुपरविजन में थाना ब्यावर सिटी ने विशेष टीम बनाकर लगातार मेहनत और सूचना संकलन के आधार पर शाहरूख खान को गिरफ्तार किया।

## संभागीय आयुक्त ने शिविर का निरीक्षण, समस्याओं के त्वरित निस्तारण पर दिया जोर

बढ़ता राजस्थान

**ब्यावर (अनिल सिखवाल)।** पंचायत नरबदखेड़ा में आयोजित ग्रामीण सेवा शिविर का आज संभागीय आयुक्त श्री शक्ति सिंह राठौड़ ने निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने ग्रामीणों की समस्याएँ सुनीं और संबंधित अधिकारियों को शीघ्र समाधान के निर्देश दिए। उन्होंने विशेष रूप से लंबित प्रकरणों के त्वरित निस्तारण पर बल दिया।शिविर में जीवन ज्योति बीमा योजना के लाभार्थी को चेक वितरित किया गया। इस अवसर पर अग्रणी बैंक प्रभारी श्री राजेश कुमार परमार ने योजना संबंधी जानकारी दी। विधायक श्री शंकर सिंह रावत ने कहा कि राजस्थान सरकार के सेवा शिविर आमजन को राहत पहुँचाने का महत्वपूर्ण माध्यम हैं और ग्रामीणों से अधिक से अधिक संख्या में लाभ लेने का आह्वान किया। शिविर में फार्मर रजिस्ट्री आवेदनों का निस्तारण, किसानों को किसान गिरदावरी ऐप डाउनलोड करने हेतु प्रेरित करना, बीपीएल सर्वे, मातृ-शिशु स्वास्थ्य सेवाएं, टीबी मुक्त भारत अभियान, प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना, राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा अधिनियम, आधार सीडिंग एवं ई-केवाईसी तथा मेटरनिटी न्यूट्रिशन योजना से संबंधित कार्यों पर विशेष जोर दिया गया।इस अवसर पर जिला कलेक्टर कमल राम मीना, उपखंड अधिकारी दिव्यांश सिंह, एसीईओ गोपाल लाल, तहसीलदार हनुत सिंह सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे।

## रविवार से आरंभ होगा 24 घंटे का महामंगलकारी अनुष्ठान



बढ़ता राजस्थान

**भीलवाड़ा (अमित शर्मा)।** विश्व शांति और जनकल्याण की कामना के साथ भीलवाड़ा में रविवार सुबह 7 बजे से भगवान अरिष्टनेमी और पार्श्वनाथ का 24 घंटे का महामंगलकारी अनुष्ठान प्रारंभ होगा। यह आयोजन आरसी व्यास कॉलोनी स्थित ग्राउंड में विशाल वाटरप्रूफ डोम में संपन्न होगा। आयोजन में देशभर से करीब दो हजार श्रावक-श्राविकाएं भाग लेंगे। अनुष्ठान के अंतर्गत साधकों को भगवान अरिष्टनेमी की 180 माला और भगवान पार्श्वनाथ की 100 माला फेरनी होगी। प्रथम कलश की स्थापना मध्यप्रदेश सरकार के मंत्री कैलाश विजयवर्गीय करेंगे। वहीं 22 सितम्बर को होने वाली पूर्णाहुति समारोह में सांसद दामोदर अग्रवाल शामिल होंगे। साध्वी कुमुदलता जी ने बताया कि यह अनुष्ठान जीवन की खुशहाली, मानसिक तनाव से मुक्ति और राहु-केतु की शांति के लिए अत्यंत फलदायी रहेगा। आयोजन समिति ने प्रतिभागियों से अपील की है कि वे श्वेत, केसरिया अथवा लाल वस्त्र धारण करें और काले वस्त्र व चमड़े की वस्तुएं लाने से परहेज करें।

## ढोसर शिविर में बेटी जन्मोत्सव मनाया, माहवारी स्वच्छता व डिजिटल साक्षरता की दी जानकारी



बढ़ता राजस्थान

**भीलवाड़ा, (अमित शर्मा)।** पंचायत समिति सहाड़ा की ग्राम पंचायत ढोसर में आयोजित ग्रामीण सेवा शिविर में बेटी का जन्मोत्सव हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। इस अवसर पर बाइजीरी जाजम बैठक का आयोजन हुआ और केक काटकर बेटी के जन्म का स्वागत किया गया। शिविर में महिला एवं बाल विकास विभाग की ओर से माहवारी स्वच्छता और डिजिटल साक्षरता संबंधी जानकारी दी गई। कार्यक्रम में बीडीओ सहाड़ा, नायक तहसीलदार सहाड़ा, सरपंच भगवती देवी, महिला एवं बाल विकास विभाग की सुपरवाइजर उमा देवी, ग्राम साथीन शारदा शर्मा तथा सभी आंगनबाड़ी कार्यकर्ता मौजूद रहे।

## विधायक ने की नगर निगम में नए पद सृजन व रिक्त पदों पर शीघ्र नियुक्ति की मांग

बढ़ता राजस्थान

**भीलवाड़ा, (अमित शर्मा)।** विधायक अशोक कोठारी ने राज्य के स्वायत शासन मंत्री को पत्र लिखकर नगर निगम भीलवाड़ा में नए पद सृजित करने और पहले से रिक्त पड़े पदों पर शीघ्र नियुक्तियां करने की मांग की है। कोठारी ने बताया कि भीलवाड़ा को नगर निगम का दर्जा मिलने के बावजूद अब तक पदों की स्वीकृति नगर परिषद के स्तर पर ही बनी हुई है। आवश्यक पदों के अभाव में नगर निगम के दैनिक कार्य प्रभावित हो रहे हैं और प्रशासनिक कठिनाइयां उत्पन्न हो रही हैं।

### जब तक सभी मांगे पूरी नहीं होती तब तक हम न्याय की लड़ाई जारी रखेंगे

## सूरज माली पर हुवे बर्बरतापूर्ण हमले के विरोध में कपासन बंद शांतिपूर्ण हुआ सफल, पूर्व सीएम अशोक गहलोत आज सूरज के परिजनों से करेंगे मुलाकात





बढ़ता राजस्थान

**कपासन (नि.स.)।** नगर पालिका कपासन क्षेत्र के युवक द्वारा पेयजल एवं रिक्त पड़े जलस्त्रोतों में पानी आवक की आवश्यकता पर आधारित रील एवं वीडियो बनाकर पोस्ट करने वाले युवक पर हुवे जानलेवा हमले के विरोध में नगर के मुख्य केंद्र पांच बत्ती चौराहे पर माली समाज के साथ सभी वर्गों ने आवाज बुलंद करते हुवे धरना प्रदर्शन किया गया। साथ ही नगर के युवा सूरज माली पर हुवे जानलेवा हमले विरोध में शनिवार को सभी वर्गों के सहयोग से कपासन बंद शांतिपूर्ण एवं पूर्णतया सफल रहा।दिनभर नगर के मार्गो गलियों एवं मोहल्लों में सन्नाटा पसरा रहा।इधर उमस एवं गर्मी के बीच भी क्षेत्रीय माली समाज एवं सभी वर्गों के महिला,पुरुष,युवा,बुजुर्ग धरना स्थल पर डटे रहे। इस दौरान कपासन क्षेत्र में पानी की मांग करने वाले सूरज माली को न्याय दिलाने के लिए सर्व समाज के प्रतिनिधियों की उपस्थिति में प्रशासन को सूरज माली प्रकरण से संबंधित मुख्य मांगो से अवगत कराया गया।जिसमे 1 करोड़ की तत्काल आर्थिक सहायता,परिजन को सरकारी नौकरी,हमले में शामिल सभी आरोपियों की तत्काल गिरफ्तारी,हमले के पीछे शामिल सभी व्यक्तियों का पर्दाफाश करना तथा सूरज माली के साथ हुवे जगन्य अपराध की सीबीआई जांच हो,सूरज माली का उपचार देश के सर्वोत्तम अस्पताल में करा उसका पूर्ण खर्च सरकार वहन करे, भविष्य में सूरज माली एवं परिवार के साथ इस तरह की कोई घटना न हो पुलिस द्वारा लिखित आश्वासन दिया जाये तथा सूरज माली को न्याय दिलाने की प्रक्रिया में सहयोग करने वाले किसी भी व्यक्ति के खिलाफ कोई कानूनी कार्रवाई न हो इसका स्पष्ट आश्वासन दिया जाये। अपराधियों को बचाने या सहयोग करने वाले पुलिस अधिकारियों पर तुरंत कार्रवाई कर निलंबन किया जाये।अन्यथा जब तक ये सभी मांगे पूरी नहीं होती,हम न्याय की लड़ाई जारी रखेंगे।

इस दौरान धरना स्थल पर पूर्व कैबिनेट मंत्री उदयलाल आंजना,कांग्रेस जिल्द एवं पंचायत समिति कपासन प्रधान भैरूलाल चौधरी, जिला कांग्रेस प्रवक्ता एवं पंचायत समिति कपासन उपप्रधान हर्षवर्धन सिंह गाडन,चंद्रप्रकाश सैनी राष्ट्रीय फुल ब्रिगेड अध्यक्ष जयपुर,अमृत माली कार्यकारिणी सदस्य चित्तौडग़ढ़,राहुल माली फूले ब्रिगेड राष्ट्रीय जिला अध्यक्ष चित्तौडग़ढ़,हेमराज माली सावित्रीबाई फुले सेवा संस्थान चित्तौडग़ढ़ जिलाध्यक्ष,राजस्थान सैनी महासभा जिला अध्यक्ष कानजी माली,मेवाड़ अध्यक्ष मातृकुंडिया छोटू माली,कांग्रेस नेता ललित बोरीवाल,प्रमोद सिसोदिया आदि विभिन्न संगठनों के प्रतिनिधियों,जनप्रतिनिधियों एवं गणमान्यजनों द्वारा धरना स्थल को संबोधित कर सूरज माली के साथ हुवे बर्बरतापूर्ण घटनाक्रम की गौर निंदा तथा एकमत होकर सूरज माली को न्याय दिलाने हेतु आवाज बुलंद की गयी।

साथ ही कपासन के सूरज माली पर हुवे बर्बरतापूर्ण हमले के विरोध में शनिवार को कपासन क्षेत्र की जनता द्वारा संगठित होकर पूर्णतया कपासन बंद को शांतिपूर्ण माहौल के साथ सफल बनाया गया। नगर के चहुंओर मार्ग,गालियां,मोहल्ले एवं चौराहों पर गणगौर सन्नाटा दिनभर बना रहा।नगर के विभिन्न व्यापारी वर्गों द्वारा पूर्ण समर्थन देते हुवे सूरज माली पर हुवे हमले के प्रति तीव्र आक्रोश व्यक्त किया गया।इस दौरान कानून एवं शांति व्यवस्था को लेकर पुलिस उपनिरीक्षक हरजीलाल यादव आदि क्षेत्रीय प्रशासनिक अधिकारियों सहित पर्याप्त पुलिस जाप्ता मुस्तैदी के साथ तैनात रहा। गौरतलब है कि नगर पालिका कपासन क्षेत्र के युवक सूरज माली द्वारा मात्र पेयजल एवं सूखे पड़े जल स्त्रोत्र समस्या पर आधारित वीडियो बनाकर उक्त समस्या को जगजाहिर करने पर बर्बरतापूर्ण हमला किया गया।जिससे सूरज माली के दोनों पैर पूर्णतया क्षतिग्रस्त होकर वर्तमान में समीपवर्ती प्रदेश अहमदाबाद में उपचारित होकर जीवन हेतु जंग लड़ रहा है।जिसके लिए क्षेत्र की जनता जनार्दन दुआ आशीर्वाद के साथ सूरज के परिजनों को आर्थिक रूप से भी संबल प्रदान करने के हर प्रयास में जुटे हुवे है। इधर चितौडग़ढ़ जिला कांग्रेस अध्यक्ष एवं पंचायत समिति कपासन प्रधान भैरूलाल चौधरी एवं जिला कांग्रेस प्रवक्ता हर्षवर्धन सिंह गाडन ने संपर्क में बताया कि पूर्व मुख्यमंत्री राजस्थान सरकार अशोक गहलोत प्रातः 11.30 बजे कपासन पहुंचेंगे।यहां पूर्व मुख्यमंत्री अशोक गहलोत सामाजिक कार्यकर्ता पर हुवे हमले के विरोध में सर्वसमाज द्वारा दिए जा रहे धरने पर बैठ कार्यकर्ताओं एवं पीडि़त सामाजिक कार्यकर्ता सूरज माली के परिजनों से मुलाकात कर हाल जानेंगे।

## लापता जैन बालिका की बरामदगी के लिए ऐतिहासिक बंद, पूरे शहर ने किया समर्थन



बढ़ता राजस्थान

**ब्यावर (अनिल सिखवाल)।** ब्यावर में शनिवार को तीन माह से लापता नाबालिग जैन बालिका की सुरक्षित बरामदगी की मांग को लेकर ऐतिहासिक बंद का आयोजन किया गया। श्री सकल जैन समाज और सर्व समाज के संयुक्त आह्वान पर नगर के सभी प्रमुख बाजार, गली-चौराहों और मार्गों में बंद को व्यापक समर्थन मिला।

शाम को प्रतिनिधि मंडल ने जिला कलेक्टर श्री कमलराम मीणा को मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन सौंपा, जिसमें पुलिस प्रशासन की निष्क्रियता पर विरोध जताते हुए एसआईटी/सीबीआई जांच की मांग की गई। प्रतिनिधि मंडल ने कहा कि बालिका सुरक्षित बरामद होने तक संघर्ष जारी रहेगा।बंद में सैकड़ों कार्यकर्ताओं ने भाग लिया। प्रमुख संयोजक और कार्यकर्ताओं में रिखबचंद खटोड़, सुशील मेहता, उत्तम चंद भंडारी,अनिल डोसी, अशोक पालडेचा, महावीर बाफना, रूपेश कोठारी, महेंद्र बोहरा, राजेंद्र सेठिया, संजय चौरडिया, महावीर खीचा, नेमीचंद डूंगरवाल, प्रवीर बडोला, नीलेश बुरड़, आशीषपाल पदावत सहित कई अन्य शामिल थे।ब्यावर के सामाजिक, धार्मिक, व्यापारिक और युवा संगठन जैसे ब्लॉक कांग्रेस, आम आदमी पार्टी, शिव सेना, जिला कांग्रेस सेवादल, अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद, महावीर इंटरनेशनल, जैन सोशल ग्रुप, युवा संगठन, महिला मंडल और व्यापार संघों ने सक्रिय रूप से समर्थन दिया।इतनी बड़ी घटना के बावजूद विधायक शंकरसिंह रावत और सांसद महिमा कुमारी मेवाड़ का कोई प्रतिनिधि संघर्ष समिति से मिलने नहीं आया, जिससे जैन समाज में रोष व्याप्त हुआ। प्रतिनिधि मंडल अब मुख्यमंत्री, प्रधानमंत्री, गृह मंत्री, मानवाधिकार आयोग और अल्पसंख्यक आयोग से मिलकर कार्रवाई की मांग करेंगे।यह बंद न केवल लापता बालिका के लिए न्याय की पुकार है, बल्कि यह संदेश भी देता है कि समाज जब अन्याय और प्रशासनिक उदासीनता के खिलाफ एकजुट होता है, तो उसकी आवाज़ अनसुना नहीं रह सकती।

## भाजपा के पूर्व जिलाध्यक्ष पर जानलेवा हमला, बूंदी में दिनदहाड़े वारदात



बढ़ता राजस्थान

**बूंदी ( अनन्त दाधीच)।** शहर के चित्तौड़ रोड पर एक निजी रिसोर्ट में आयोजित हो रहे बीजेपी के कार्यक्रम में शामिल होने आए पार्टी के पूर्व जिलाध्यक्ष सुरेश अग्रवाल पर जानलेवा हमला हुआ। बाइक खड़ी करते समय कार में सवार होकर आए तीन हमलावरों ने उन पर लोहे की रॉड व हॉकी से ताबड़तोड़ वार किए। हमले में अग्रवाल के दोनों पैरों व हाथ पर गहरी चोट आई है जैसे उन्हें कोटा रैफर कर दिया। अचानक हुए इस हमले से अग्रवाल गंभीर रूप से घायल हो गए। यह पूरी घटना रिसोर्ट के बाहर लगे सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गई है हमलावर सफेद क्रेटा कार में आए ओर 30 सेकंड में हमला कर फरार हो गए ।

**कार्यक्रम में शामिल होने पहुंचे थे अग्रवाल:** सुरेश अग्रवाल भाजपा के कार्यक्रम में शामिल होने के लिए रिसोर्ट पहुंचे थे। जैसे ही उन्होंने अपनी बाइक खड़ी की, एक कार उनके पास आकर रुकी। कार से तीन लोग उतरे, जिनके हाथों में लोहे की रॉड थी। उन्होंने बिना कुछ कहे अग्रवाल पर हमला कर दिया और फरार हो गए।

बूंदी शहर में ऐसा दूसरा ऐसा मामला सामने आया है। पूर्व में एक सोने चांदी के व्यापारी पर भी ऐसे हमले की वारदात हुई थी ।

**पुलिस अधीक्षक ने किया घटनास्थल का दौरा:** हमले की सूचना मिलते ही कार्यक्रम में मौजूद बीजेपी पदाधिकारी और कार्यकर्ता तुरंत मौके पर पहुंचे और घायल अग्रवाल को बूंदी के जिला अस्पताल पहुंचाया। घटना की जानकारी मिलने पर पुलिस अधीक्षक राजेंद्र मीणा, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक उमा शर्मा, और कोतवाली थाना पुलिस भी तुरंत मौके पर पहुंची। पुलिस ने घटनास्थल का मुआयना किया और सीसीटीवी फुटेज खंगाले। फिलहाल, पुलिस सीसीटीवी फुटेज और कार के नंबर के आधार पर आरोपियों की तलाश में जुट गई है। पुलिस अधीक्षक ने जल्द ही आरोपियों को गिरफ्तार करने का आश्वासन दिया है।

### मोहल्लों में गरबा रास नृत्यों का उल्लास

## मिट्टी से गढ़ी आस्था – ब्यावर में नवरात्र से पहले सजी माताजी की मूर्तियों की जगमग चौपाल

बढ़ता राजस्थान



**ब्यावर (अनिल सिखवाल)।** ब्यावर शहर में सोमवार से नवरात्र पर्व की धूम शुरू होने जा रही है और इसी के साथ माताजी की मूर्तियों की बिक्री भी अपने पूरे शबाब पर है। गली-गली और मोहल्लों में गरबा रास नृत्यों का उल्लास दिखाई देगा, वहीं मंदिरों और पांडालों में माता रानी की मूर्तियों की स्थापना का क्रम चलेगा। शहर के मसूदा रोड, गड्डी थोरियान, हाउसिंग बोर्ड और पावर हाउस क्षेत्र में मूर्तिकार परिवार दिन-रात जुटकर मूर्तियां तैयार कर रहे हैं। पटेल स्कूल और श्री मेगा हाइवे के सामने आकर्षक मूर्तियां बिक्री के लिए सजी हुई हैं। मूर्तिकार डूंगाराम और लालाराम के अनुसार 100 रुपये से लेकर 5,000 रुपये तक की विविध मूर्तियां उपलब्ध हैं। मूर्तिकार परिवार वर्ष में केवल दो अवसरों—गणेश चतुर्थी और नवरात्रा पर ही मूर्तियां बेचने आते हैं। यही उनका प्रमुख आजीविका का आधार है। आस्था और परंपरा से जुड़ी इन मूर्तियों के माध्यम से न सिर्फ घर-घर में श्रद्धा का दीप प्रज्वलित होता है, बल्कि कारीगरों के जीवन में भी उम्मीद की किरण जगती है।

## संगम विश्वविद्यालय में फायर सेफ्टी जागरूकता हेतु मॉक ड्रिल का आयोजन



बढ़ता राजस्थान

**भीलवाड़ा, (अमित शर्मा)।** संगम विश्वविद्यालय में एपेक्स एसडीजी और फायर सेफ्टी विभाग के संयुक्त तत्वावधान में फायर सेफ्टी जागरूकता मॉक ड्रिल आयोजित की गई।

कार्यक्रम के दौरान विभिन्न फायर सेफ्टी उपायों का निरीक्षण किया गया और खुले मैदान में फैकल्टी सुशील सेन के नेतृत्व में आग लगाकर बचाव की विधियों का प्रदर्शन किया गया। इस अवसर पर विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. करुणेश सक्सेना, प्रो-वाइस चांसलर प्रो. मानस रंजन पाणिग्रही, रजिस्ट्रार आलोक कुमार, स्टूडेंट वेलफेयर डीन प्रो. प्रीति मेहता, डिप्टी डीन डॉ. श्वेता बोहरा सहित बड़ी संख्या में छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे।

पीआरओ राजकुमार जैन ने बताया कि एसडीजी डिस्ट्रिक्ट चैंपियनशिप के अंतर्गत विभिन्न गतिविधियों का आयोजन विश्वविद्यालय परिसर में किया जा रहा है।

## 27 सितंबर को मास्टर श्यामलाल गुप्ता की स्मृति में 14वां स्वैच्छिक रक्तदान शिविर

**बढ़ता राजस्थानभुसावर, (यतेन्द्र पाण्डेय)।** भारत विकास परिषद की स्थानीय शाखा की ओर से मास्टर श्यामलाल गुप्ता इटामडा वाले की स्मृति में आगामी 27 सितंबर को कस्बे के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में 14वां स्वैच्छिक रक्तदान शिविर आयोजित किया जाएगा। इस अवसर पर रक्तदान शिविर के पोस्टर का विमोचन सीएससी भुसावर पर डॉक्टर दीपक शर्मा ने किया। उन्होंने कहा कि रक्तदान महादान है। रक्तदान करने से जरूरतमंद व्यक्तियों की जान बचाई जा सकती है और रक्तदाता स्वयं भी स्वस्थ रहते हैं। कार्यक्रम में अंशु मित्तल, राजेश गोयल, देवकीनंदन सोनी, विजय अग्रवाल, कृष्ण कुमार शर्मा, दिलीप सिंघल, निशांक सोनी, अरविंद बंसल, शेरसिंह सैनी, पवन अग्रवाल, राहुल गोयल सहित अन्य चिकित्सा कर्मी उपस्थित रहे। इस शिविर का उद्देश्य समुदाय में रक्तदान के महत्व के प्रति जागरूकता बढ़ाना और जीवनदायिनी सेवा को बढ़ावा देना है।

## राजकीय अभियांत्रिकी महाविद्यालय में साइकोमेट्रिक टेस्ट का सफल आयोजन



**बढ़ता राजस्थान भरतपुर ( यतेन्द्र पाण्डेय) ।** राज्य सरकार के सूचना प्रौद्योगिकी एवं संचार विभाग के अंतर्गत आर-केट के सहयोग से राजकीय अभियांत्रिकी महाविद्यालय, भरतपुर में अंतिम एवं पूर्व अंतिम वर्ष के विद्यार्थियों के लिए साइकोमेट्रिक टेस्ट का सफल आयोजन किया गया। इस टेस्ट में 60 से अधिक विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। टेस्ट के माध्यम से छात्रों को उनकी कौशल, अभिरुचि एवं व्यक्तित्व गुणों की जानकारी मिल सकी। टेस्ट के बाद छात्रों को विस्तृत मूल्यांकन विवरण प्रदान किया गया, जिससे वे अपनी क्षमताओं को और निखार सकें तथा भविष्य में कैम्पस प्लेसमेंट एवं रोजगार के अवसरों का लाभ ले सकें। कार्यक्रम के दौरान विशेषज्ञों ने छात्रों को वर्तमान तकनीकी शिक्षा से जुड़ी चुनौतियों, कंप्यूटर जगत की आवश्यकताओं तथा विभिन्न रोजगारोन्मुखी योजनाओं और अवसरों के बारे में मार्गदर्शन दिया। इसके साथ ही उन्हें राज्य सरकार की कौशल विकास एवं नवाचार योजनाओं से भी अवगत कराया गया। इस अवसर पर स्क्षशद्ध द्व्ठ्ठष्द्भड्डह्वद्द आर-केट भरतपुर केंद्र से संयुक्त निदेशक ष्ठशद्व्ञ्ञ&ष्ट, विवेक दीक्षित, प्राचार्य तथा अन्य वरिष्ठ अधिकारियों ने विद्यार्थियों से संवाद किया और उन्हें निरंतर मेहनत व कौशल वृद्धि के लिए प्रेरित किया।

## ग्रामीण सेवा शिविर में खाता विभाजन से किसानों को मिली बड़ी राहत



**बढ़ता राजस्थान धौलपुर (राजू शर्मा)।** प्रदेश सरकार की पहल पर आयोजित ग्रामीण सेवा शिविर 2025 में शनिवार को बाड़ी तहसील की ग्राम पंचायत टौंटरी में किसानों को बड़ी राहत मिली। झण्डेकापुरा गांव के उर्मिला पुत्री गुलाबसिंह, विद्याराम पुत्र गुलाबसिंह, निरोती पुत्र गुलाबसिंह, माया पुत्री गुलाबसिंह, रामबेटी पुत्री गुलाबसिंह, रामअवतार पुत्र टीकाराम, सोमोती पुत्री टीकाराम समेत सात खातेदारों के खातों का विभाजन सफलतापूर्वक किया गया। उपखण्ड अधिकारी भगवतशरण त्यागी की अध्यक्षता में आयोजित इस शिविर में वर्षों से लंबित विवादित प्रकरण एक ही दिन में निपट गए। तहसीलदार और हल्का पटवारी की मदद से किसानों के खाते का बंटवारा आपसी सहमति से कागजात तैयार कर मौके पर ही निस्तारित किया गया। अखातेदारों ने बताया कि उनकी कई वर्ष पुरानी समस्या का समाधान घर बैठे ही हो गया और अब वे अपनी जमीन के हकदार बन गए। इस मौके पर किसानों ने राज्य सरकार और ग्रामीण सेवा शिविर के आयोजकों को आभार व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि शिविर के माध्यम से उन्हें किसी दफ्तर में आने-जाने की झंझट से मुक्ति मिली और उनकी जमीन संबंधी समस्याओं का समाधान तुरंत हुआ।

## शहर में बढ़ रहे है स्ट्रीट डॉग्स बाईट के मामले हर रोज 60 से अधिक केस

**बढ़ता राजस्थान बाड़ी(राजू शर्मा)।** शहर में स्ट्रीट डॉग्स द्वारा डॉग बाइट के मामले लगातार बढ़ते जा रहे हैं। अस्पताल प्रशासन से मिले रिकॉर्ड के अनुसार प्रतिदिन 60 से अधिक रोगी अस्पताल में एंटी रेबीज का टीका लगवाने पहुंच रही है। ऐसे में यह चिंता का विषय है और अस्पताल प्रशासन ने इस को लेकर एडवाइजरी भी जारी की है। पीएमओ ने नागरिकों को सचेत ओर सावधान होने की जरूरत बताई है। शहर में हालांकि हर गली में स्ट्रीट डॉग्स के काटने के मामले आते रहते हैं लेकिन पिछले कुछ दिनों से इनकी संख्या में तेजी से इजाफा हुआ है। शहर के सामान्य अस्पताल में कुत्ता काटने पर एंटी रेबीज का टीका लगाया जाता है साथ में एटीएस का भी इंजेक्शन लगता है।

## कोटपुतली में फॉगिंग अभियान की शुरुआत,डेंगू-मलेरिया रोकथाम पर जोर



**बढ़ता राजस्थान कोटपूतली(बिल्लूराम सैनी)।** नगरपरिषद और स्वास्थ्य विभाग की संयुक्त पहल के तहत वार्ड नं. 29 में फॉगिंग अभियान की शुरुआत की गई। मौसमी बीमारियों और वायरल बुखार के बढ़ते प्रकोप को देखते हुए इस अभियान का उद्देश्य मच्छरों के प्रजनन पर रोक लगाना और डेंगू, मलेरिया जैसी गंभीर बीमारियों को नियंत्रित करना है। वार्ड पार्षद उमेश आर्य ने इस मौके पर क्षेत्रवासियों से अपील की कि वे अपने घरों और आसपास के इलाकों में साफ-सफाई बनाए रखें तथा पानी जमा न होने दें। उन्होंने कहा कि मच्छरों के पनपने का सबसे बड़ा कारण गंदगी और रुका हुआ पानी है, इसलिए स्वच्छता और सतर्कता ही बीमारियों से बचाव का सबसे प्रभावी उपाय है।उन्होंने यह भी कहा कि जन सहयोग के बिना कोई भी अभियान सफल नहीं हो सकता।

# नाथद्वारा में 40 स्कूलों में गणित प्रयोगशालाओं का लोकार्पण

बढ़ता राजस्थान



**राजसमंद (नि.स.)।** नाथद्वारा विधानसभा क्षेत्र शिक्षा के क्षेत्र में एक ऐतिहासिक कदम उठाते हुए पूरे राजस्थान में ऐसा पहला विधानसभा क्षेत्र बन गया है, जहां एक साथ 40 सरकारी विद्यालयों में गणित प्रयोगशालाओं की स्थापना की गई है। इस विशेष पहल का लोकार्पण पीएम श्री गोवर्धन राजकीय माध्यमिक विद्यालय, बड़ा बाजार, नाथद्वारा में नाथद्वारा विधायक श्री विश्वराजसिंह मेवाड़ और राजसमंद सांसद श्रीमती महिमा कुमारी मेवाड़ ने किया।

नई शिक्षा नीति-2020 के तहत कक्षा 6 से 10 तक के विद्यार्थियों के लिए इन प्रयोगशालाओं में गणित के कठिन थ्योरम, सूत्र और प्रयोगों को आसान ढंग से समझाने की व्यवस्था की गई है। अब विद्यार्थी गणित के सूत्र केवल रटेंगे नहीं, बल्कि उनकी उत्पत्ति और कार्यप्रणाली को भी समझ पाएंगे।

गणित प्रयोगशालाओं का कॉन्सेप्ट और डिजाइन आईआईटी जोधपुर के इनक्यूबेटेड सेंटर एड्यूमेसी द्वारा तैयार किया गया है। यह प्रयोगशालाएं एनसीईआरटी पाठ्यक्रम के प्रत्येक टॉपिक को कवर करने में सक्षम हैं।

भारत सरकार के खादी एवं ग्रामोद्योग आयोग के सहयोग से जिले की अधिकृत खादी संस्था संस्कृति विकास संस्थान ने इन प्रयोगशालाओं का निर्माण किया। यह पहल लोकल फॉर वोकल की अवधारणा को भी मजबूती देती है। प्रयोगशालाओं में एलजेब्रा एनोटेटर, नंबर सिस्टम ऑपरेटर, कॉर्डिनेट सिस्टम डिमॉन्स्ट्रेटर, ज्योमेट्री एक्सपोसिटर, मेंसुरेशन एवल्यूटर और सर्किल डिस्क्रिप्टर जैसे आधुनिक उपकरण शामिल हैं। साथ ही 3ष्ठ शेप्स और चुंबकीय लोहे के बोर्ड भी लगाए गए हैं। इनका संचालन बिना बिजली के किया जा सकता है, जिससे ग्रामीण क्षेत्रों के विद्यार्थियों को भी अधिकतम लाभ मिलेगा।

नाथद्वारा विधायक श्री विश्वराजसिंह मेवाड़ की सक्रिय पहल पर डीएमएफटी से वित्तीय सहयोग प्राप्त कर खमनोर ब्लॉक के 40 विद्यालयों में ये प्रयोगशालाएँ स्थापित की गई हैं। सांसद श्रीमती महिमा कुमारी मेवाड़ ने इस महत्वपूर्ण परियोजना को शिक्षा क्षेत्र में मील का पत्थर बताया।

# संयुक्त महारजिस्ट्रार मल्लिक ने आगामी जनगणना को लेकर की तैयारी बैठक

बढ़ता राजस्थान



**राजसमंद (नि.स.)।** जनगणना कार्य निदेशालय के संयुक्त महारजिस्ट्रार एवं निदेशक वरिष्ठ आईएएस बिष्णु चरण मल्लिक की अध्यक्षता में शनिवार को कलेक्ट्रेट सभागार में बैठक आयोजित की गई। बैठक का उद्देश्य जन्म-मृत्यु रजिस्ट्रेशन अधिनियम 1969 और संशोधित अधिनियम 2023, सिविल रजिस्ट्रेशन प्रणाली और आगामी जनगणना 2027 से संबंधित तैयारियों पर चर्चा करना था।

बैठक में जिला कलक्टर अरुण कुमार हसीजा, एडीएम नरेश बुनकर, जिला परिषद सीईओ बृजमोहन बैरवा, समस्त जिला स्तरीय अधिकारी और जनगणना कार्य निदेशालय से सहायक निदेशक दिनेश रैगर सहित अन्य अधिकारी उपस्थित रहे।

संयुक्त महारजिस्ट्रार मल्लिक ने ग्रामीण क्षेत्रों में जन्म-मृत्यु पंजीकरण की गुणवत्ता सुधारने और शत-प्रतिशत पंजीकरण सुनिश्चित करने के लिए निर्देश जारी किए। उन्होंने कहा कि अस्पतालों में जन्म की घटना के समय माताओं को डिस्चार्ज करते समय अन्य सुविधाओं के साथ ही जन्म प्रमाण पत्र अनिवार्य रूप से उपलब्ध कराया जाए। इससे जन्म के रिकॉर्ड छूटने की संभावना समाप्त होगी और आमजन को जन्म प्रमाण पत्र के लिए किसी भी प्रकार की असुविधा का सामना नहीं करना पड़ेगा।

मल्लिक ने यह भी स्पष्ट किया कि यह जिम्मेदारी सभी सरकारी और निजी चिकित्सालयों की है। बच्चों के नाम निर्धारित न होने पर बिना नाम का जन्म प्रमाण पत्र जारी किया जा सकता है, जिसे बाद में आसानी से संशोधित किया जा सके। इसके समानांतर, संस्थागत मृत्यु की स्थिति में मृत्यु प्रमाण पत्र के लिए सूचना प्रदाता का प्रपत्र तुरंत भरना सुनिश्चित किया जाए, ताकि मृत्यु प्रमाण पत्र समय पर संबंधित प्रार्थी को उपलब्ध हो सके।

## नितिन गडकरी और देवेंद्र फडणवीस की जीत की मन्नत के लिए अजमेर पहुँचे प्यारे ख़ान



बढ़ता राजस्थान

**अजमेर, (मोहम्मद नज़ीर कादरी)।** महाराष्ट्र राज्य अल्पसंख्यक आयोग के अध्यक्ष और मंत्री दर्जा प्राप्त प्यारे जिया ख़ान ने हजरत ख्वाजा मोईनुद्दीन चिश्ती की दरगाह पर हाजिरी देकर चादर चढ़ाई और देश व राज्य की अमन-ख़ुशहाली के लिए दुआ मांगी। इस अवसर पर हजरत बाबा ताजुद्दीन ट्रस्ट के प्रतिनिधि और लगभग 150 जायरीन भी उनके साथ उपस्थित थे। प्यारे ख़ान ने लोकसभा और विधानसभा चुनाव के दौरान मन्नत माँगी थी कि केंद्रीय मंत्री नितिन गडकरी लोकसभा चुनाव में विजय प्राप्त करें और विधानसभा चुनाव के बाद देवेंद्र फडणवीस महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री बनें। दोनों नेताओं की सफलता के बाद उन्होंने अजमेर दरगाह पर चादर चढ़ाकर अपनी मन्नत पूरी की।

नागपुर से स्टार एयरवेज की फ्लाइट के जरिए अजमेर पहुँचे प्यारे ख़ान के साथ श्रद्धालुओं ने सूफी संत की जियारत की और चादर चढ़ाई। खादिम अब्दुल वसे चिश्ती ने जियारत करवाई और दस्तारबंदी की। उनके वकील अफ़शान चिश्ती ने नितिन गडकरी और देवेंद्र फडणवीस की लंबी उम्र और सफलता के लिए दुआ की। जियारत के बाद मोतीवाला दालान में प्यारे जिया ख़ान का जोरदार स्वागत किया गया। इस अवसर पर सलीम सोफी, शारिक पटेल, मौलाना गुफ़रान, मोहम्मद अली, सालार शेख, सलीम अजानी, सैयद रऊफ़, ताज अहमद राजा, हाजी फारूक बावला, इमरान ताजी, मुस्तफाभाई टोपीवाला, वसीम ख़ान सहित अनेक श्रद्धालु और प्यारे ख़ान के मित्र एवं परिवारजन उपस्थित थे।

## अंतर्राष्ट्रीय समरसता मंच का आयरन लेडी अवार्ड समारोह 31 अक्टूबर को जयपुर में

बढ़ता राजस्थान

**भरतपुर/जयपुर, (यतेन्द्र पाण्डेय)।** भारत रत्न एवं पूर्व प्रधानमंत्री स्वर्गीय श्रीमती इंदिरा गांधी की पुण्यतिथि 31 अक्टूबर को जयपुर में अंतर्राष्ट्रीय समरसता मंच द्वारा भव्य समारोह आयोजित किया जाएगा। इस अवसर पर 51 महिलाओं को आयरन लेडी अवार्ड 2025 से सम्मानित किया जाएगा। मंच के मुख्य सलाहकार डॉ. कुलदीप प्रसाद शर्मा ने बताया कि यह कार्यक्रम भारत रत्न श्रीमती इंदिरा गांधी के सम्मान में आयोजित किया जा रहा है। समारोह के अध्यक्ष डॉ. हुकुम चंद्र गणेशिया ने कहा कि कार्यक्रम का उद्देश्य भारत की शक्ति, प्रतिष्ठा और पंचशील सिद्धांतों को वैश्विक स्तर पर बढ़ावा देना है। चयनित प्रतिभाओं को मंच के प्रेरक सदस्यों द्वारा निमंत्रण पत्र भेजे जा रहे हैं। 31 अक्टूबर को संयुक्त राष्ट्र संघ की स्थापना दिवस की समापन कार्यक्रम भी आयोजित किया जाएगा, जिसमें 192 राष्ट्रों के राष्ट्रध्वजों का नागरिक अभिनंदन किया जाएगा। कार्यक्रम सत्यम् शिवम् सुंदरम् की अवधारणा पर आधारित है और इसका उद्देश्य वैश्विक शांति की दिशा में योगदान देना है। इसमें शिक्षा, चिकित्सा, न्याय, समाज सेवा, प्रशासनिक और राजनीतिक क्षेत्रों की महिलाओं की उपस्थिति रहेगी। समारोह का उद्देश्य भारत-नेपाल की वैदिक कालीन संस्कृति का पुनरुत्थान, भारत को वैदिक कालीन जगत गुरु के रूप में प्रतिष्ठित करना, भारत को सुरक्षा परिषद में स्थाई सदस्यता के साथ विटो पावर दिलाना और अयोध्या को संयुक्त राष्ट्र का मुख्यालय बनाने की दिशा में योगदान देना है।

## बाड़ी में पीजी कॉलेज के पास पानी में मिला शव



**बढ़ता राजस्थान बाड़ी(राजू शर्मा)।** बाड़ी में गवर्नमेंट पीजी कॉलेज के पास पानी भराव वाले क्षेत्र में एक व्यक्ति का शव मिला है। मृतक की पहचान लाहौरिया पुरा निवासी गुरशरण सिंह (50) के रूप में हुई है। वह गुरुवार शाम से लापता था। सदर थाना पुलिस ने शव को बाहर निकलवाकर बाड़ी अस्पताल की मॉर्च्यूरी में पहुंचाया। परिजनों की मौजूदगी में पोस्टमॉर्टम कराया गया। मृतक गुरशरण सिंह गुरुवार शाम को घूमने के लिए घर से निकले थे। रात तक घर नहीं लौटने पर परिजनों ने उनकी तलाश की और पुलिस को सूचित किया।शनिवार सुबह स्थानीय लोगों ने कॉलेज के पास पानी भराव वाले क्षेत्र में शव देखा। सदर थाना अधिकारी मोहर सिंह मीणा के अनुसार प्रथम दृष्टया मौत डूबने से हुई प्रतीत होती है। एफएसएल टीम ने मौके से साक्ष्य एकत्र किए हैं। पुलिस मामले की हर दिशा से जांच कर रही है। गुरशरण सिंह के दो बच्चे हैं। घटना के बाद से लाहौरिया पुरा में शोक का माहौल है।

# ग्रामीण सेवा शिविर में 25 साल पुरानी जाति शुद्धि समस्या का हुआ निस्तारण

बढ़ता राजस्थान



**धौलपुर(राजू शर्मा)।** ग्राम पंचायत देवखेड़ा में अटल सेवा केंद्र पर आयोजित ग्रामीण सेवा शिविर कैम्प में ग्राम देवखेड़ा निवासी पंकज पुत्र पूरन सिंह की 25 वर्ष पुरानी जाति शुद्धि समस्या का सफल निस्तारण किया गया।

पंकज ने खसरा नंबर 875 में अपनी जाति कामड के स्थान पर कोली जाति की शुद्धि करवाने के लिए आवेदन कैम्प प्रभारी श्रीमती वर्षा मीना, उपखण्ड अधिकारी राजाखेड़ा के समक्ष प्रस्तुत किया। मौके पर ही उपखण्ड अधिकारी ने तहसीलदार राजाखेड़ा श्रीमती दीप्ती देव को इस आवेदन का निस्तारण करने हेतु निर्देशित किया।

तहसीलदार ने भू-अभिलेख निरीक्षक रामगोपाल और पटवारी श्रीमती रश्मि को शुद्धि प्रस्ताव तैयार करने के लिए निर्देशित किया। राजस्व टीम ने मौके पर ही पंकज की जाति को कोली में शुद्ध किया और शुद्धि पत्र स्वीकृत करवाया। साथ ही आवेदन की ऑनलाइन नकल पंकज को प्रदान की गई।

तत्काल की गई त्वरित कार्यवाही से पंकज बेहद प्रसन्न रहे। उनके अनुसार इतनी लंबी अवधि से लंबित समस्या एक ही दिन में और एक ही छत के नीचे निस्तारित होने से उन्हें बड़ी राहत मिली। मौके पर उपस्थित ग्रामवासी और पंकज ने राज्य सरकार और राजस्व टीम का धन्यवाद प्रकट किया।

# बसेड़ी में बोट चोर गद्दी छोड़ अभियान प्रारंभ

बढ़ता राजस्थान



**बाड़ी(राजू शर्मा)।** अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के आवाहन पर और राजस्थान प्रदेश कांग्रेस कमेटी की निर्देशानुसार विधानसभा बसेड़ी पर प्रारंभ किया बोट चोर गद्दी छोड़ हस्ताक्षर अभियान जिसकी अध्यक्षता ब्लॉक अध्यक्ष रविन्द्र सिंह ने की, मुख्य अतिथि बसेड़ी विधायक संजय कुमार जी विशिष्ट अतिथि विधानसभा सभा प्रभारी प्रशांत कुमार उपाध्याय रहे द्य

प्रभारी प्रशांत उपाध्याय जी ने कहा कि यह अभियान 15 सितंबर से 15 अक्टूबर तक विधानसभा के सभी बूथ स्तर तक चलाया जाएगा द्य उन्होंने कार्यकर्ताओं से आमजन को इस अभियान से जोडऩे और सफल बनाने की अपील की द्य उन्होंने कहा कि राहुल गांधी जी द्वारा दिया गया बोट चोर गद्दी छोड़ का नारा राजस्थान के आम व्यक्ति तक जागरूकता फैलाने का मुख्य आधार होगा साथ ही विधायक संजय कुमार ने कहा कि जनता अब वोट चोरी की सच्चाई से अवगत है और इसे बूथ स्तर तक पहुंचाना हमारा दायित्व है द्य बोहरा जी नेबोट चोरी की विस्तृत जानकारी देते हुए सतर्कता बरतने की आवश्यकता पर जोर दिया द्य रोशनी शिवहरे जी ने कहा कि ये सरकार वोट चोरी से बनी है ।

बैठक में विधायक संजय कुमार, विधानसभा प्रभारी प्रशांत उपाध्याय,हस्ताक्षर अभियान के बसेड़ी विधानसभा प्रभारी बोहरे योगेश शर्मा ,बसेड़ी विधानसभा प्रभारी राजवीर सिंह मीणा रोशनी शिवहरे, शबनम खान शबाना खान सेवादल महिला जिला अध्यक्ष विनेश, ब्लॉक अध्यक्ष रविन्द्र सिंह, ब्लॉक प्रवक्ता रामबली शर्मा, ब्लॉक उपाध्यक्ष ओमवास शर्मा,ह्स्द्ध ब्लॉक अध्यक्ष लोकेश पाराशर, बसेड़ी प्रधान अमित सिंह, प्रधान प्रतिनिधि शंकर सिंह, श्यामवीर सिंह, रामेश्वर सिंह, गजेंद्र गुर्जर, पूर्व स्ष्ठरू बिजेंद्र सिंह,प्रशांत सिंह, जितेंद्र सिकरवार सहित सभी पूर्व प्रत्याशी,मंडलों के अध्यक्ष, कांग्रेस अग्रिम संगठनों के ब्लॉक और बूथ स्तर के पदाधिकारी और कार्यकर्ता मौजूद रहे ।

## नगर पालिका बाड़ी ने अंगीकार अभियान के तहत आयोजित किया कार्यक्रम

**बढ़ता राजस्थान बाड़ी(राजू शर्मा)।** प्रधानमंत्री आवास योजना (शहरी) के अंतर्गत अंगीकार-2025 अभियान के तहत नगर पालिका बाड़ी द्वारा शनिवार को आदर्श विद्या मंदिर में कार्यक्रम आयोजित किया गया। यह कार्यक्रम मिशन निदेशक पीएमएवाई-यू एवं कार्यकारी निदेशक रूडसिको जयपुर हरिमोहन मीना, परियोजना निदेशक रूडसिको जयपुर प्रदीप कुमार गर्ग, जिला कलेक्टर श्रीनीधि बीटी, उपखंड अधिकारी भगवत शरण त्यागी एवं अधिशाषी अधिकारी श्याम बिहारी गोयल के निर्देशन में आयोजित हुआ।नगर पालिका की टीम ने विद्यार्थियों को योजना संबंधी जानकारी दी तथा स्वच्छता के महत्व पर जागरूक किया।

# मंडाना शिविर में अधिकारियों की अनुपस्थित पर नाराज हुए मंत्री दिलावर

बढ़ता राजस्थान



**कोटा (का.स.)।** शिक्षा एवं पंचायती राज मंत्री मदन दिलावर खैराबाद पंचायत समिति के सहरावदा एवं खीमच ग्राम पंचायत में शिविरों का निरीक्षण करने के बाद अचानक 4.30 लाडपुरा पंचायत समिति की ग्राम पंचायत मंडाना के ग्रामीण सेवा शिविर में पहुंचे। शिविर में उपस्थित कर्मचारी घर जाने की तैयारी में थे। नायब तहसीलदार अनुराग शर्मा और अतिरिक्त विकास अधिकारी सत्येंद्र मीणा उपस्थित थे। मंत्री दिलावर ने विभाग वार एक एक करके शिविर में किए गए कार्यों की जानकारी लेना शुरू किया तो, अधिकारी जवाब नहीं दे पाए। रसद विभाग का कोई अधिकारी शिविर में नहीं था। राशन डीलर शिविर में बैठे थे।बिजली विभाग के ए ई एन छुट्टी पर थे। मंत्री ने पूछा शिविर के दौरान छुट्टी किसने दी। मंत्री ने जिला कलेक्टर पीयूष सामरिया को फोन कर शिविर की अव्यवस्थाओं से अवगत करवाया और शिविर में अधिकारियों को अनिवार्य उपस्थिति के लिए पाबंद करने को कहा। मंत्री मदन दिलावर ने कहा कि मेरी विधानसभा में लाडपुरा पंचायत समिति की 4 ग्राम पंचायतें आती है। यदि इसी तरह शिविर हुआ तो में चारों पंचायतों में दुबारा शिविर आयोजित करवाऊंगा।

मंत्री दिलावर ने ग्राम विकास अधिकारी दुर्गेश नंदनी को ग्राम पंचायत का कार्यवाही रजिस्टर लाने को कहा तो ऑडिट के कारण पंचायत समिति कार्यालय में जमा होना बताया। मंत्री मदन दिलावर देर शाम 6.45 तक शिविर स्थल के बाहर बैठे रहे और शिविर को लेकर निर्देश देते रहे। मंत्री ने पंचायती राज विभाग के प्रमुख शासन सचिव जोगाराम को भी फोन कर शिविर की अव्यवस्थाओं से अवगत करवाया।

## समस्याओं का मौके पर ही कराया निस्तारण, लाभार्थियों को सौंपे प्रमाण पत्र

# ऊर्जा मंत्री ने किया ग्रामीण सेवा शिविरों का निरीक्षण

बढ़ता राजस्थान



**कोटा (का.स.)।** ऊर्जा मंत्री हीरालाल नागर ने शनिवार को सांगोद विधानसभा क्षेत्र के बांस्याहेड़ी, दांता, कुराडिया खुर्द, श्यामपुरा, बमोरी एवं सारोला में आयोजित ग्रामीण सेवा शिविरों में शामिल हुए। ऊर्जा मंत्री ने शिविर में आए लोगों की समस्याएं और शिकायते सुनी और अधिकारियों से उनका मौके पर ही निस्तारण करवाया।

इस अवसर पर नागर ने कहा कि मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा की सोच है कि आम जनता को ऑफिस के चक्कर नहीं लगाने पड़े और सारा प्रशासन एक ही शिविर में मौजूद रहे। जिससे जनता को त्वरित लाभ मिल सके। संवेदनशील राज्य सरकार ने यह निर्णय लेकर जनता को राहत देने का काम किया है। उन्होंने कहा कि अधिकारी संवेदनशील होकर कार्य करें और जनता को राहत पहुंचाने का पूरा प्रयास करें।

ग्रामीण सेवा शिविरों में लोगों के वर्षों से लंबित कार्य भी संपादित हो रहे हैं। किसानों के खेतों में रास्तों की समस्या हो या भू राजस्व रिकॉर्ड में त्रुटि सुधार का मामला। वर्षों से ऑफिसों के चक्कर काट रहे लोगों को ग्रामीण सेवा शिविरों में समाधान मिला तो उनके चेहरे खिल उठे। उन्होंने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और मुख्यमंत्री श्री भजनलाल शर्मा को धन्यवाद कहा।

शिविरों में राजस्व विभाग द्वारा लंबित फार्मर रजिस्ट्री का निस्तारण, आपसी सहमति से विभाजन, नामांतरण तथा मूल निवास एवं जाति प्रमाण पत्र बनाने, प्रधानमंत्री जनधन योजना, प्रधानमंत्री जीवन ज्योति बीमा योजना, प्रधानमंत्री सुरक्षा बीमा योजना एवं अटल पेंशन योजना से संबंधित कार्य किए गए। पंचायती राज विभाग द्वारा स्वामित्व योजना अंतर्गत पट्टा वितरण, स्वच्छ भारत मिशन के अंतर्गत शौचालय निर्माण एवं स्वीकृतियां, आरआरसी केन्द्रों के लिए भूमि आवंटन तथा क्षतिग्रस्त स्कूलों, आंगनवाड़ी और सडक़ों के सुधार के प्रस्ताव तैयार किए गए। लाभार्थियों को मौके पर ही पेंशन प्रमाण पत्र सौंपे गए। जमीन बंटवारे का मौके पर ही निस्तारण किया गया।

# नान्ता के बाबा भैरव नाथ का सप्तमी को होगा विशेष श्रृंगार



बढ़ता राजस्थान

**कोटा (विनोद गौड़)।** नांता स्थित ऐतिहासिक 700 वर्ष पुराने मंदिर पर सप्तमी की पूजा विशेष महत्व रखती है। ऐतिहासिक मंदिर में नवरात्रि के समय विशेष पूजन श्रृंगार किया जाता है । इस दिन कोटा पूर्व राज्य परिवार द्वारा यहां पर सेवा की जाती है। पुजारी रवि योगी, व नवीन योगी ने बताया कि नांता श्री महाकाल भैरव जी महाराज मंदिर पर 29 सितंबर नवरात्र की सप्तमी के दिन भी यहां पर हर बार की तरह राजघराने महाराज कुमार इज्यराज सिंह के सुपुत्र द्वारा बाबा भैरवनाथ की विशेष पूजा की जाएगी। जिसमें

सुबह 10.00 बजे जयदेव सिंह सुपुत्र इज्यराज सिंह( पूर्व राज दरबार महाराज) सम्मिलित होंगे।

# गोमाता को हरा चारा एवं फल वितरण कर मनाया सेवा पखवाड़ा



**बढ़ता राजस्थान, कोटा (विनोद गौड़)।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के जन्मदिवस 17 सितम्बर से प्रारम्भ हुए सेवा पखवाड़ा के अंतर्गत भाजपा स्टेशन मण्डल द्वारा लगातार सेवा प्रकल्प आयोजित किए जा रहे हैं। मण्डल अध्यक्ष दिनेश सरसिया ने बताया कि सेवा पखवाड़ा संयोजक मण्डल महामंत्री दीपक खींची के संयोजन एवं मण्डल अध्यक्ष दिनेश सरसिया की अध्यक्षता में आज जिन्दबाबा मन्दिर,खेड़ली फाटक पर सर्वप्रथम सभी कार्यकर्ताओं द्वारा मन्दिर में पूजा अर्चना कर देश की खुशहाली, विकसित राष्ट्र की कामना की गई। ततपश्चात गौमाता को हरा चारा डालकर,पानी पिलाकर सेवा की गई। सेवा पखवाड़ा मण्डल सह संयोजक एवं मण्डल मंत्री वर्षा सतवानी ने बताया कि इसके पश्चात सभी ने मिलकर जरूरतमन्दों को फलों का वितरण किया। भाजपा स्टेशन मण्डल अध्यक्ष दिनेश सरसिया ने कहा कि माननीय लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला की प्रेरणादायी पहल एवं हरिकृष्ण बिरला चेयरमैन सहकारी उपभोक्ता भण्डार कोटा के मार्गदर्शन में यह कार्यक्रम आयोजित किया गया जिसका नेतृत्व जिलाध्यक्ष भाजपा राकेश जैन ने किया।भाजपा स्टेशन मण्डल द्वारा प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के जन्मदिवस 17 सितम्बर से लेकर 2 अक्टूबर तक सेवा पखवाड़ा के अंतर्गत विभिन्न सेवा कार्य किये जा रहे हैं।

# टूटी सडक़ों की मरम्मत व बजट घोषणा के कार्यों में लाएं तेजी ऊर्जा मंत्री

बढ़ता राजस्थान कोटा (का.स.)। शनिवार को सर्किट हाऊस में पीडब्ल्यूडी के अधिकारियों की बैठक हुई । बैठक में कोटा दक्षिण विधायक संदीप शर्मा भी मौजूद रहे। बैठक की अध्यक्षता करते हुए ऊर्जा मंत्री ने बजट घोषणा के कार्यों की प्रगति रिपोर्ट ली। वहीं विधायक कोष, नरेगा के कार्यों की भी समीक्षा की। उन्होंने कहा कि बरसात का दौर अब जा चुका है। ऐसे में, जहां पर सडक़ें टूटी हुई हैं। उनके निर्माण तुरंत कराकर सभी रास्तों को सुगम बनाया जाए। जहां सडक़ों की स्थिति ज्यादा खराब है। वहां प्राथमिकता से सडक़ दुरुस्तीकरण हो। इसके साथ ही बजट घोषणाओं में जो काम स्वीकृत हुए हैं। उन कार्यों के निर्माण में भी तेजी लाई जानी चाहिए।जल भराव वाले स्थानों पर निकासी के कार्य अभी से प्रारम्भ करें। तालाब, नाला, सडक़ आदि के निर्माण कार्यों में गुणवत्ता का पूरा ध्यान रखा जाए। सभी कार्यों की अधिकारी मॉनिटरिंग करें। उन्होंने कहा कि पूर्व में लोकसभा स्पीकर ओम बिरला ने भी हर गांव में शमशान तक अप्रोच सडक़ निर्माण पर जोर दिया है। नागर ने कहा कि गांव में कीचड़ का स्थाई समाधान होना चाहिए। वहीं सडक़ों की चौड़ाई भी पर्याप्त हो, इसका ध्यान रखें।

# वेतन भुगतान करने मे देरी कर रही है राज्य की बीजेपी सरकार



**बढ़ता राजस्थान कोटा (का.स.)।** सीटू के मिडिया प्रभारी मुरारीलाल बैरवा ने बताया की कोटा कलेक्ट्रेट के सामने सीपीआईएम के समर्थन से 1997 मे उद्योग नगर कोटा स्थित बन्द जेके फैक्ट्री को मालिक ने बन्द कर दिया था। जिससे रातों रात 4200 मजदूरों / कर्मचारियों सडक़ पर आ गए। फैक्ट्री की तरफ 28 साल पहले की गई फैक्ट्री मे मेहनत का बकाया वेतन दिलाने की मांग को लेकर लाल झंडे की सीटू से संबंधित जे के सिंथेटिक की तीनो मजदूर यूनियनों के नेता कामरेड हबीब खान, कामरेड नरेंद्रसिंह, कामरेड उमाशंकर के नैतृत्व मे सैकड़ो महिलाए ओर जे के मजदूर 18 फऱवरी से अनिश्चित कालीन धरना लगाकर सरकार से बकाया वेतन भुगतान दिलाने की मांग कर रहे है। जिला कलेक्टर कोटा ओर स्थानीय जनप्रतिनिधियों को हर रोज गुहार लगाई जाती है। मजदूर नेता कामरेड हबीब खान, कामरेड नरेंद्रसिंह, कामरेड हनुमान सिँह, कामरेड गोपाल शर्मा कामरेड उमाशंकर,कामरेड कालीचरण सोनी, ने कहा की केंद्र की सत्ता मे बैठे नेताओ की नजर बिना जे के फैक्ट्री के 4200 मजदूरों का बकाया वेतन चुकाये हड़पने पर टिकी हुई थी।

# स्वस्थ नारी, सशक्त परिवार अभियान सेवा पखवाड़ा

**बढ़ता राजस्थान कोटा (का.स.)।** स्वस्थ नारी, सशक्त परिवार अभियान एवं सेवा पखवाड़े के अन्तर्गत शनिवार को टीबी रोगियों के लिए निक्षय पोषण किट वितरण का विशेष कार्यक्रम आयोजित हुआ। आयुष्मान आरोग्य मंदिर स्वास्थ्य केंद्रों में लगे शिविरों में 167 निक्षय मित्रों का पंजीकरण हुआ तथा सहमति प्राप्त 1064 टीबी रोगियों को निक्षय पोषण किट वितरित किए गए। शिक्षा एवं पंचायत राज मंत्री मदन दिलावर ने निक्षय मित्र बनकर खैराबाद ब्लॉक के सहरावदा में लगे शिविर में टीबी मरीज को पोषण किट वितरित किया। ऊर्जा मंत्री हीरालाल नागर ने सुल्तानपुर ब्लॉक के बम्बोरी में लगे शिविर टीबी मरीज को पोषण किट दिया। स्वास्थ्य शिविरों का निरीक्षण भी किया। इस दौरान बीसीएमओ डॉ राजेश सामर भी साथ रहे। सीएमएचओ डॉ नरेन्द्र नागर ने बताया कि शिविरों में महिला, पुरुष, किशोरी बालिकाओं व बच्चों की स्वास्थ्य जांच की गई।

# पेंशनर समाज की समस्याओं के त्वरित समाधान हेतु जिला स्तरीय शिविर का आयोजन

**बढ़ता राजस्थान कपासन (नि.स.)।** क्षेत्रीय पेंशनर समाज की परिवेदनाओ एवं शिकायतों के समाधान हेतु 24 सितंबर को जिला स्तरीय शिविर का आयोजन किया जायेगा। पेंशनर समाज कपासन के प्रवक्ता कमल कुमार दाधीच ने बताया कि पेंशनर समाज की समस्याओं के त्वरित समाधान हेतु पेंशन एवं पेंशनर्स कल्याण विभाग क्षेत्रीय कार्यालय उदयपुर के निर्देशानुसार 24 सितंबर को जिला कोषालय चित्तौडग़ढ़ पर जिला स्तरीय विशेष शिविर का आयोजन किया जायेगा।जिसमे जिले के दूर-दराज क्षेत्रों से आने वाले पेंशनर की परिवेदनाओ एवं शिकायतों की सुनवाई कर उनका निस्तारण प्राथमिकता से किया जायेगा।साथ ही पेंशन संबंधित लंबित प्रकरणों के निराकरण संबंधी आवश्यक मार्गदर्शन प्रदान किया जायेगा।

# बॉल बेडमिंटन की महिला वर्ग टीम को पुरुस्कृत करके किया सम्मानित



बढ़ता राजस्थान

**रावतभाटा (नि.स.)।** 8वीं राज्य स्तरीय बॉल बैडमिंट प्रतियोगिता में पुरुष और महिला दोनों टीमों ने हिस्सा लिया । कोच गिरधारी लाल जाट ने बताया कि महिला वर्ग ने अच्छा प्रदर्शन करते हुए तीसरा स्थान प्राप्त किया ।भारतीय जनता युवा मोर्चा अध्यक्ष रौनक चौधरी और नगर मंत्री भुवनेश जंगम ने विजेताओं को पुरस्कृत किया। प्रतियोगिता कोटा जिले में 29 से 31 अगस्त को आयोजित हुई थीं जिसमें 40 टीमों ने हिस्सा लिया था चितौडग़ढ़ टीम की महिला वर्ग में दिव्या गवारिया , दिव्या मीणा, मिताली शर्मा, लक्षिता गर्ग, मीनाक्षी चुंडावत, प्रियांशी गवारिया,संध्या मीणा, कनिका शर्मा शामिल रहे ।

पुरुष एवं महिला सीनियर राष्ट्रीय बॉल बैडमिंटन प्रतियोगिता के लिए रावतभाटा से कनिका शर्मा का राजस्थान महिला टीम में चयन हुआ सीनियर बॉलबैडमिंट पांच दिवसीय प्रतियोगिता डिंडीगुल तमिलनाडु में कराई जाएगी।

# हाड़ौती क्षेत्र में पहली बार कालीसिंध थर्मल में 500 एमवीए क्षमता का ट्रांसफार्मर स्थापित।

बढ़ता राजस्थान



**कोटा (विनोद गौड़)।** राजस्थान राज्य विद्युत प्रसारण निगम द्वारा कालीसिंध थर्मल पावर प्लांट झालावाड़ में 500 एमवीए क्षमता का ट्रांसफार्मर स्थापित किया गया है। यहां पूर्व में 325 मेगावाट का ट्रांसफार्मर स्थापित था। जिसे बदलकर 500 मेगावाट का ट्रांसफार्मर लगाया गया है। जिससे संपूर्ण हाड़ौती क्षेत्र को तकरीबन 175 मेगावाट की अतिरिक्त बिजली मिल सकेगी।

प्रसारण निगम के एसई सुनील श्रोत्रिय ने बताया कि उच्च क्षमता का ट्रांसफार्मर लगने से संपूर्ण हाडोती में बिजली व्यवस्था को सुदृढ़ एवं सुचारु करने में मदद मिलेगी।

उन्होंने बताया कि कोटा संभाग में विद्युत प्रसारण तंत्र को मजबूत करने हेतु ऊर्जा हीरालाल नागर के निर्देश पर 500 एमवीए का ट्रांसफार्मर कालीसिंध थर्मल पावर प्लांट में स्थापित करना प्रस्तावित किया गया था। राजस्थान राज्य विद्युत प्रसारण निगम की तकनीक दक्षता को देखते हुए कालीसिंध थर्मल में यह ट्रांसफॉर्मर लगाने का कार्य विद्युत निगमों की कॉर्डिनेशन कमेटी द्वारा विद्युत प्रसारण निगम को दिया गया था।

## स्वस्थ नारी-सशक्त परिवार अभियान के तहत हेल्थ कैंप का आयोजन

**बढ़ता राजस्थान कोटपूतली(बिल्लूराम सैनी)।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की पहल पर शुरू हुए 'स्वस्थ नारी-सशक्त परिवार अभियान' के तहत शनिवार को कोटपूतली ब्लॉक के विभिन्न स्वास्थ्य केंद्रों में हेल्थ कैंप का आयोजन किया गया। इस अभियान का उद्देश्य महिलाओं और बच्चों के स्वास्थ्य को बेहतर बनाना है।शिविर में महिलाओं और बच्चों की जांच आयुष्मान आरोग्य मंदिर-आरोग्य परम धनम्, राजकीय प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र बखराना, उप स्वास्थ्य केंद्र गोपालपुरा और खेड़ा निहालपुरा में आयोजित किया गया।

## दहेलवाल महाराज मेला- स्टार नाइट का हुआ रंगारंग कार्यक्रम

# स्टार नाइट में नहीं आया कोई चर्चित स्टार

बढ़ता राजस्थान




**नैनवां,(टी.आर सैनी) ।** दहेलवाल महाराज मेले में सांस्कृतिक कार्यक्रम की श्रृंखला में शुक्रवार को आकेस्ट्रा कार्यक्रम का आयोजन किया गया। रात्रि के 10 बजे रामचरित मानस की चैपाईयो के साथ रंगारंग कार्यक्रम की शुरूआत की गई। इसके बाद स्टार नाईट कलाकार ने मेरे भारत का बच्चा जय श्री राम बोलेगा सुना कर माहौल बनाने की कोशिश की गई। इसके बाद बलखम के साथ कलाकारो ने नाटक मंचन किया गया। लेकिन श्रोताओ द्वारा लगातार की जा रही फिल्मी कलाकारो को बुलाये जाने के बाद स्टार नाईट प्रोग्राम में आये कलाकारो ने ये,घटा सावन की घटा,नहीं मिलेगा ऐसा घाघरा, कयामत-कमायत जैसे गानो पर डांस करके दर्शकदीर्घा में मौजूद युवा अपने स्थान पर खड़े होकर डांस करने लग गये। माहौल को देखते हुए पुलिस द्वारा भीड़ को नियंत्रित करने की कोशिश की गई। इसके बाद राजस्थानी डांसर द्वारा ये जारो का मरोड़ा है ऐसे रिमिक्स गानो पर नृत्य किया गया। मालण थारा बाग में नारंगी लटके, नहीं मिलेगा ऐसा घाघरा पर नृत्य किया गया। युवाओ की फरमाईस पर कयामत,चम चमके अंगुरी बदन,यार तेरा बदमाशी का खलनायक है जैसे गानो पर युवाओ ने खूब ठूमके लगाये। कार्यक्रम से पूर्व स्टार नाइट के मुख्य अतिथि प्रदेश उपाध्यक्ष भाजपा मोतीलाल मीणा,अध्यक्षता जिपस कन्हैयालाल मीणा एंव विशिष्ट अतिथि के तौर पर पूर्व पालिका चैयारमैन घीसीबाई,पुखराज ओसवाल, गोपीलाल सैनी सहित अन्य लोग मौजूद रहे। पालिका चैयरमैन सरिता नागर, मण्डल अध्यक्ष अनिल रंगीला एंव पार्षदो ने अतिथियो का स्वागत करके स्मृति चिन्ह भेट किया। नैनवां दहेलवाल महाराज मेले में आयोजित स्टार नाइट में हर वर्ष बड़े स्टार को बुलाये जाने की परम्परा रही है,लेकिन इस वर्ष दहेलवाल महाराज मेले की स्टार नाइट में कोई चर्चित स्टार नहीं आने से लोगो को मिक्स कार्यक्रम देखकर ही संतोष करना पड़ा।

# कोरोना त्रासदी के समस्त दिवंगतों की आत्मशांति के लिए चतुर्दशी का श्राद्ध तर्पण



बढ़ता राजस्थान

**कोटा (विनोद गौड़)।** कर्मयोगी सेवा संस्थान के संयोजन में आयोजित 26वां 16 दिवसीय श्राद्ध तर्पण महोत्सव शनिवार को गुरुधाम कॉलोनी रोटेदा रोड कोटा जंक्शन पर किया गया।

अध्यक्ष अनिल कुमार शर्मा के संयोजन में चतुर्दशी का श्राद्ध क्रियाकांडी पंडित पवन शर्मा द्वारा विधि विधान से प्राकृतिक त्रासदी गुजरात भूकंप, उत्तराखंड और पंजाब बाढ़ त्रासदी, अहमदाबाद विमान दुर्घटना एवं मानवीय भूलों टाइटेनिक जहाज दुर्घटना, भोपाल गैस कांड एवं अन्य सभी दुर्घटनाओं के कारण हुए दिवंगतों के साथ ही विशेष रूप से देश दुनिया में कोरोना त्रासदी के कारण हुए दिवंगतों की आत्मशांति के तर्पण किया गया। संस्थापक अध्यक्ष राजाराम जैन कर्मयोगी ने बताया कि अलका दुलारी जैन कर्मयोगी, अनिल कुमार शर्मा, लक्ष्मीनारायण गर्ग, धर्मपाल सिंह, नीलम सिंह, कमल सिंह सोलंकी, नंद कंवर, हेमंत सिंह, कुसुम सिंह, नीलम शर्मा, विनोद कुमार शर्मा, सुनील कुमार शर्मा द्वारा श्राद्ध किया गया। कर्मयोगी ने बताया कि 21 सितंबर रविवार को श्राद्ध महोत्सव का समापन होगा। शाम को 6 बजे तैयार चारों दिशाओं को रोशन करने वाले चार बत्ती वाले 400 दीप के माध्यम से 1600 ज्योति प्रज्वलित करते हुए 16 दिवस तक आव्हान करते हुए आमंत्रित की गई दिवंगत आत्माओं को विश्व शांति की कामना के साथ विदाई दी जाएगी।




स्वत्वाधिकारी, मुद्रक और प्रकाशक श्रीमती कमलेश विजयवर्गीय द्वारा बढ़ता राजस्थान प्रिंटिंग प्रेस, हमीदपुरा रोड, खंडवा, निवाई, टोंक (राज.) से मुद्रित एवं बढ़ता राजकीय महाविद्यालय के पास एनएच-12 बाईपास निवाई, टोंक (राजस्थान) प्रकाशित, संपादक तनुजा पठान*। प्रधान संपादक राम बिलास विजयवर्गीय (मो. 9414242258, 9214048888, जयपुरः फोन 0141-2796794, 95, टॉक कार्यालयः बाईपास, निवाई, टोक (मो. 9414823448), अलवर कार्यालयः मेहताब सिंह का नोहरा, अलवर (मो. 7877309346), कोटा कार्यालयः छावनी मेन रोड, कोटा (मो. 7023350734), ई-मेलः badhatarajasthan@yahoo.com; "पीआरबी एक्ट के तहत समाचार चयन के लिए जिम्मेदार